NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance
specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विज़डम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 340 लखनऊ, शनिवार 27 जुलाई 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

# कारगिल विजय दिवस पर बोले सीएम योगी आदित्यनाथ – देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार खड़ी

संवाददाता।

लखनऊ इससे पहले सीएम योगी सेंट्रल कमांड, कैंट में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अमर जवानों को पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। छद्म रुप से पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ करके भारत पर युद्ध थोपने का कार्य किया था। किन्तु युद्ध का परिणाम क्या होगा यह हमारे बहादुर जवानों



ने तय किया। उस समय हमारी सेना के वीर जवानों के सामने विपरीत परिस्थितियां थीं, लेकिन हमारे बहादुर जवानों के सामने कोई दुश्मन टिक नहीं पाया। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों के अदम्य शौर्य और साहस का लोहा दुनिया ने माना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सेंट्रल कमांड, कैंट के सूर्या सभागार में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित श्रजत जयंती समारोहश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कारगिल विजय दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिन वीर नारियों और परिवारों ने कारगिल युद्ध में अपने परिवार के सदस्यों को खोया है, आज उन्हें सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की पहचान जबरन एकाधिकार करने वाले देश की नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्रचिंता प्रवृत्तते यह भारत की परंपरा है। उन्होंने कहा कि बल, बुद्धि और विद्या में भारत जब दुनिया के अंदर जब सिरमौर था, तब भी हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। परंतु किसी आक्रांता ने यहां आकर हमारी शांति और हमारी सद्भावना के हनन का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने मातृभूमि के रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ राज्य सरकार हमेशा खड़ी है।सीएम योगी ने कहा कि हमारा जवान किसी भी युद्ध या सीमा की सुरक्षा करते हुए शहीद होता है, तो राज्य सरकार की ओर उसके परिवार को आज 50 लाख रुपए की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी व्यवस्था सुनिश्चित की है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टिट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। इन्हें किया सम्मानितइस मौके पर सीएम योगी ने परमवीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडेय के पिता, राइफलमैन सुनील जंग की माता, नायक आबिद खान की माता, नायक रामकेश चंद्र यादव की पत्नी, नायक राजेंद्र यादव की पत्नी, लांस नायक अशोक कुमार यादव के बेटे, ब्रिगेडियर अखिल कुमार सिन्हा, कर्नल प्रभात रंजन, कर्नल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कौशिक, कर्नल क्षितिज श्रीवास्तव, नायक जितेंद्र सिंह और सिपाही विनोद कुमार दुबे को सम्मानित किया।अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कीइससे पहले सीएम योगी सेंट्रल कमांड, कैंट में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोहश में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अमर जवानों को पुष्पचक्र चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। साथ सीएम योगी ने कारगिल युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों के शौर्य को प्रदर्शित करती हुई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी और भारतीय सेना के पराक्रमी योद्धाओं को नमन किया। उन्होंने लिखा ष्भारतीय सशस्त्र बलों के अदम्य शौर्य, अद्वितीय पराक्रम एवं अप्रतिम साहस के प्रतीक श्कारगिल विजय दिवसश की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई! मां भारती के सम्मान और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए

## केजरीवाल को राजनीतिक कैदी कहना स्वतंत्रता सेनानियों और आपातकाल के बंदियों का अपमान है, सांसद संदीप पाठक को तुरंत माफी मांगनी चाहिए

एजेंसी।

नई दिल्ली। कपूर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक कैदी कहना उन लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान है जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिशों द्वारा जेल में बंद किए गए थे और 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित आपातकाल के दौरान बंद किए गए एक लाख से अधिक लोगों का भी अपमान है। नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आम आदमी पार्टी के सांसद संदीप पाठक द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक कैदी कहने की निंदा की है और इसे स्वतंत्रता सेनानियों और आपातकाल के दौरान बंद किए गए अन्य राजनीतिक कैदियों का अपमान बताया है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि




आप नेताओं को अपनी दैनिक राजनीतिक नाटकबाजी बंद करनी चाहिए और डायबिटीज को जमानत के लिए चिकित्सकीय आधार बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि डायबिटीज एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इसे जमानत की अनिवार्य शर्त नहीं बनाया जा सकता क्योंकि यह चिकित्सकीय रूप से प्रबंधनीय है और सैकड़ों जेल में बंद कैदियों को डायबिटीज है। कपूर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक कैदी कहना उन लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का अपमान है जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ब्रिटिशों द्वारा जेल में बंद किए गए थे और 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित आपातकाल के दौरान बंद किए गए एक लाख से अधिक लोगों का भी अपमान है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की तुलना स्वतंत्रता सेनानियों और अन्य राजनीतिक बंदियों से करना उनके बलिदान और सेवा का अपमान है।संदीप पाठक और उनके अन्य आप सहयोगियों की समस्या यह है कि वे राजनीति को एक पेशा यानी आजीविका का साधन मानते हैं और उनके लिए राजनीतिक लाभ लेना व्यवस्था का हिस्सा है और उन्हें केजरीवाल और सिसोदिया आदि द्वारा दिल्ली सरकार के शराब घोटाले में लिए गए धन के बदले में कोई गलती नहीं लगती। संदीप पाठक को केजरीवाल को राजनीतिक कैदी कहने से पहले स्वतंत्रता सेनानियों और आपातकाल के बंदियों द्वारा सहन किए गए दर्द को समझने की कोशिश करनी चाहिए।

## कांग्रेस की घेराबंदी, नड्डा बोले– पहले हमारे जवानों की उपेक्षा होती थी

एजेंसी।

नई दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये विजय सिर्फ कोई टाइगर हिल्स की विजय नहीं थी, ये विजय सिर्फ द्रास सेक्टर की विजय नहीं थी, ये विजय किसी पहाड़ी पर तिरंगे झंडे की विजय नहीं थी...ये भारत के शौर्य और अस्मिता की जीत थी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में कारगिल विजय रजत जयंती समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक–एक कार्यकर्ता आज अपने जिले और इलाकों में फौजी भाइयों और देश के रक्षकों के साथ व जांबाज शूरवीरों के साथ गर्व से कारगिल विजय दिवस मना रहा है। नड्डा ने कहा कि हम लोगों के लिए ये दिन इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ये विजय सिर्फ कोई टाइगर हिल्स की विजय नहीं थी, ये विजय सिर्फ द्रास सेक्टर की विजय नहीं थी, ये विजय किसी पहाड़ी पर तिरंगे झंडे की विजय नहीं थी...ये भारत के शौर्य और अस्मिता की जीत थी। उन्होंने कहा कि जैसा कि सभी जानते हैं, भारत की श्पहले हमला न करनेश की नीति है, लेकिन दुश्मनों द्वारा हमला किए जाने पर भारत पूरी तरह से जवाबी कार्रवाई में भी विश्वास रखता है। जेपी नड्डा ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने कायरों की तरह भारत की सीमाओं में घुसपैठ की और पहाड़ी के ऊपर रणनीतिक स्थानों पर खुद को स्थापित कर लिया। उन्होंने खुद को बंकरों में सुरक्षित कर लिया और चढ़ने की कोशिश करते हुए भारतीय सेना के सैनिकों पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि लगातार हमले के बावजूद भारतीय सेना साहस के साथ उनके सामने खड़ी रही और जवाबी कार्रवाई की। भारतीय सेना ने टाइगर हिल पर पुनः कब्जा कर लिया और वहाँ पर तिरंगा फहराया! उन्होंने कहा कि मैं ये भी बता दूं कि पहले हमारे जवानों की उपेक्षा होती थी। दशकों से हमारे जवानों की मांग थी कि उन्हें श्वन रैंक वन पेंशनश मिले, लेकिन किसी



ने ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब 2014 में मोदी जी आए तो उन्होंने श्वन रैंक वन पेंशनश देने का काम किया। उन्होंने कहा कि पहले हमारे फौजी भाइयों के हाथ बंधे होते थे, आदेश का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने कहा कि जहां से गोली चले, जिधर से गोली चले... जब तक गोली शांत न हो जाए तब तक रुकना नहीं है... ये बदलता भारत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 तक हमारे पास बुलेट प्रूफ जैकेट नहीं थे, आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत बुलेट प्रूफ जैकेट एक्सपोर्ट कर रहा है, दुनिया को दे रहा है। पहले बॉर्डर पर पहुंचने के लिए हमारे जवानों को सोचना पड़ता था और आज बॉर्डर पर जाने के लिए हजारों किलोमीटर की सड़कें बन चुकी हैं। कुछ लोग ऐसे हैं जो देश की रक्षा के साथ खिलवाड़ करने के लिए हमेशा राजनीति को सर्वोपरि रखते हैं। लेकिन हमारे मोदी जी हमेशा, हर दिवाली सैनिकों के साथ मनाते हैं, हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि जब कारगिल का युद्ध हो रहा था तो कांग्रेस का कौन सा नेता कारगिल गया था, कौन सा नेता द्रास गया था, लेकिन मैं छाती ठोककर बोल सकता हूं कि उस समय भी हिमाचल के प्रभारी और भाजपा के महामंत्री मोदी जी फौजियों का हौसला बढ़ाने के लिए कारगिल गए थे।

## पंचायात अध्यक्षों की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा

लखनऊ:(आरएनएस) पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री श्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में विगत दिवस एक कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य समस्त जिला पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद करते हुए उनकी व्यावहारिक समस्याओं को जानना था साथ ही उनके सुझावों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल करते हुए योजनाओं को गति देना है। पंचायती राज मंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।बैठक में अध यक्षों द्वारा जिला पंचायतों में स्थित विभिन्न प्रकार की संपत्तियों के प्रबन्धन पर विशेष जोर दिया। इस हेतु कारगर नीति बनाये जाने का सुझाव रखा गया। इसका उद्देश्य सम्पत्तियों का कारगर प्रबन्ध ा किया जाना है। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्षों ने कर्मचारियों की कमी दूर किये जाने हेतु नियुक्ति किये जाने का सुझाव दिया। पंचायती राज मंत्री ने अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत मांगों पर यथाशीघ्र उचित कार्यवायी किये जाने का आश्वासन दिया।

## सी0एस0सी0 ई- गवर्नेंस सर्विसेस इण्डिया लिमिटेड के पन्द्रहवें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन कल

लखनऊ:(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जन जाति कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण 27 जुलाई , 2024 को अपराह्न 11:00 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, मर्करी सभागार, लखनऊ में सी0एस0सी0 ई– गवर्नेंस सर्विसेस इंडिया लिमिटेड के पंद्रहवें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी सेवाओं में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले वी0एल0ई0 (ग्रामीणा स्तरीय उद्यमियों) को पुरस्कृत करने के साथ–साथ उपस्थित गणमान्य जन समेत उद्यमियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जागरूक भी किया जायेगा। देश भर में आई0सी0टी0 सक्षम एकल विडों के साथ 05 लाख से अधिक (उत्तर प्रदेश में 1.5 लाख से अधिक) सक्रिय सी0एस0सी0 केन्द्र संचालित है, जिससे स्थानीय ग्रामीण स्तरीय उद्यमी द्वारा संचालित किया जाता है। केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा देश के नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवा (जैसे आयुष्मान भारत, फसल बीमा किसान सम्मान निधि ा, श्रमयोगी मानधन, ई–श्रम योजना, पीएम सूर्यघर योजना, ई–डिस्ट्रिक्ट, पेंशन तथा अन्य पीएम स्किम्स आदि) तथा गैर सरकारी (बैंकिंग, बीमा, ट्रेवेल, शिक्षा, बिल पेमेंट आदि) सेवायें प्रदान करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटरों का उपयोग किया जा रहा है।

## अग्निवीरों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला, यूपी पुलिस और पीएसी में मिलेगा आरक्षण

संवाददाता।

लखनऊ योगी ने आगे बताया कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को समान महत्व देने की आवश्यकता है। सशस्त्र बल भी इस सुधार के साथ आगे बढ़े हैं। आज भारतीय सशस्त्र सेनाएं अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस हैं। यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार (26 जुलाई) को घोषणा की कि राज्य अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में आरक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे, उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस सेवा में, पीएसी में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजन की सुविधा देगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की सुविधा उत्तर प्रदेश पुलिस में उपलब्ध कराएंगे। अपने बयान में उन्होंने कहा कि प्रगति और समृद्धि के नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय–समय पर किए गए सुधार किसी भी देश और समाज के लिए आवश्यक होते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी अर्थव्यवस्था को सम्मानजनक



स्थान दिलाने और भारत को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पिछले 10 वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं और हर क्षेत्र में सुधार किए गए हैं। योगी ने आगे बताया कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को समान महत्व देने की आवश्यकता है। सशस्त्र बल भी इस सुधार के साथ आगे बढ़े हैं। आज भारतीय सशस्त्र सेनाएं अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस हैं। यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बल इसी गति से, इस रिफॉर्म के साथ आगे बढ़ सकें, इसके लिए अग्निवीर योजना को आगे बढ़ाया गया है। युवाओं के मन में उत्साह है। अग्निपथ योजना के तहत 10 लाख अग्निवीर अपनी सेवाएं देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल जिनके लिए राजनीति देश से बड़ी है, वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। सुधार से जुड़ी, प्रगति से, समृद्धि से जुड़ी हर चीज में बाधा डालना उनका काम है। वे ऐसा लगातार करते हैं...विपक्ष ने इस मामले पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की। मेरा मानना घ्है कि हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च मानते हुए इस सशस्त्र बल सुधार को आगे बढ़ाना चाहिए।

## केरल के राज्यपाल ने करगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

एजेंसी।

केरल वहीं, एक अलग रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया कि कोच्चि में दक्षिणी नौसैन्य कमान ने करगिल विजय दिवस मनाया और युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को 25वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम के



पंगोडे सैन्य स्टेशन स्थित युद्ध स्मारक पर 1999 में हुए करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि खान ने एक साइकिल रैली यात्रा के समापन अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। यह यात्रा 14 जुलाई को करगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह के तहत यात्रा पर निकली थी।इस अवसर पर पंगोडे सैन्य स्टेशन के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर सलिल एमपी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व सैनिक और सैनिक भी मौजूद थे। विज्ञप्ति में कहा गया कि सेवारत सैन्यकर्मियों की टीम ने कोट्टायम, अलप्पुझा, चंगनाचेरी, रन्नी, पत्तनमथिट्टा, कोट्टाराकारा, कोल्लम और किलिमानूर होते हुए 348 किलोमीटर की दूरी तय की। वहीं, एक अलग रक्षा विज्ञप्ति में कहा गया कि कोच्चि में दक्षिणी नौसैन्य कमान ने करगिल विजय दिवस मनाया और युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें कहा गया, ''यह अवसर हमारे सैनिकों के बलिदान की याद दिलाता है तथा यह राष्ट्रीय गौरव एवं कृतज्ञता का क्षण है।

## सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की सेंवाए उपलब्ध

लखनऊ:(आरएनएस) उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों के क्रम में सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित डिजिटल प्लेटफार्म सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से सर्विस प्रोवाइडर (सेवाप्रदाता) एवं सेवामित्रों (कुशल कामगार) द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तथा शासकीय कार्यालयों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सेंवाए जैसे–इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, प्लम्बर, पेन्टर और ड्राइवर आदि उपलब्ध करायी जा रही है। इस व्यवस्था से कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। सेवायोजन विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के अन्तर्गत लगभग 48–912 कुशल कामगार, 875 सेवाप्रदाता और 4,884 सेवामित्र हैं।

### अरविंद केजरीवाल के घर पहुंचीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, पत्नी सुनीता और उनके माता-पिता से की मुलाकात

एजेंसी।

नई दिल्ली ममता बनर्जी ने संदेश दिया कि संघर्ष की इस घड़ी में वह आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ी हैं। आपको बता दें कि ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंची हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और उनके माता–पिता से मिलने उनके आवास पर पहुंचीं। आप सांसद राघव चड्ढा भी मौजूद थे। सुनीता केजरीवाल ने उनका स्वागत किया। उन्होंने केजरीवाल के माता–पिता का आशीर्वाद लिया। मुलाकात की जानकारी देते हुए चड्ढा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी और माता–पिता से मिलने उनके आवास पर पहुंचीं।

# भारत दुनिया का ऐसा देश जिसने कभी भी किसी पर जबरन एकाधिकार करने का कभी प्रयास नहीं किया – मुख्यमंत्री

## कारगिल विजय दिवस का रजत जयन्ती समारोह

## मुख्यमंत्री ने सेन्ट्रल कमाण्ड में स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

लखनऊ(आरएनएस)रू उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को कारगिल विजय दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत दुनिया का ऐसा देश है, जिसने कभी भी किसी पर जबरन एकाधिकार करने का कभी प्रयास नहीं किया। बल, बुद्धि, विद्या में सिरमौर रहे भारत ने जबरन एकाधिकार का एक भी उदाहरण प्रस्तुत नहीं किया है। लेकिन जब भी किसी आक्रांता ने हमारी शान्ति, सद्भावना का दुरूपयोग करने का दुस्साहस किया तो भारत माता के बहादुर जवानों ने सदैव मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए किसी प्रकार की कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी है। आजादी के बाद हर युद्ध में हमारे बहादुर जवानों ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री आज यहां सेन्ट्रल कमाण्ड में कारगिल विजय दिवस के रजत जयन्ती समारोह के अवसर पर सूर्या ऑडिटोरियम में आयोजित वीर सैनिकों तथा वीर नारियों के अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा आगन्तुक पुस्तिका में अपने हस्ताक्षर अंकित किये। उन्होंने सूर्या ऑडिटोरियम में कारगिल युद्ध के शहीदों की वीर नारियों तथा युद्ध नायकों को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने और भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर हम बढ़ रहे हैं, क्योंकि हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। हमारे बहादुर जवान दिन–रात, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं। भारत की परम्परा रही है कि 'शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते' अर्थात शस्त्र से रक्षित राष्ट्र ही शास्त्र चिन्तन के माध्यम से समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि यह वर्ष कारगिल विजय दिवस का रजत जयन्ती वर्ष है। हम दुनिया को बता सकते हैं कि युद्ध हम पर थोपा गया था। दुनिया की कोई ताकत या दुश्मन हम पर युद्ध थोप सकता है, लेकिन परिणाम हमारे बहादुर जवान ही तय करेंगे। कारगिल युद्ध में भी यही देखने को मिला था। पाकिस्तान ने घुसपैठ करके छद्म रूप से कारगिल युद्ध को भारत पर थोपने का कार्य किया था। कारगिल युद्ध मई, 1999 में आरम्भ हुआ और 26 जुलाई, 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस युद्ध को विजय दिवस के रूप में घोषित करते हुए भारत के बहादुर जवानों को नमन किया था। इस युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने शौर्य एवं पराक्रम का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए सम एवं विषम परिस्थितियों में एक समय सीमा के अन्दर युद्ध के परिणाम को भारत के पक्ष में करते हुए दुनिया के सामने अपने शौर्य और अद्भुत साहस का परचम लहराने का कार्य किया था। दुनिया की बड़ी–बड़ी ताकतें इस युद्ध में हस्तक्षेप करना चाहती थी, लेकिन किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप के बिना भारत ने इस युद्ध को अपने पक्ष में मोड़ा था। कारगिल युद्ध में उत्तर प्रदेश के कई जवान शहीद हुए। परमवीर चक्र विजेता स्व0 कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, मेजर रितेश शर्मा, लांस नायक केवलानन्द द्विवेदी, राइफलमैन सुनील जंग जैसे नामों की एक लम्बी श्रृखंला है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया। परमवीर चक्र विजेता योगेन्द्र सिंह यादव के शौर्य एवं पराक्रम को कोई नहीं भूल सकता।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2017 में प्रदेश सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए कुछ व्यवस्थाएं लागू कीं। राज्य सरकार ने देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले प्रदेश निवासी सैनिकों के परिजनों को 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की सेवा में सेवा का अवसर प्रदान करने की व्यवस्था की है। साथ ही, शहीद जवान के गांवध्नगरध्कस्बे में शहीद की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए उनका एक भव्य स्मारक बनाने या उसके नाम पर किसी संस्थान का नाम अथवा किसी मार्ग का नामकरण करने की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार भारत की सीमाओं की सुरक्षा करने वाले बहादुर जवानों के साथ सदैव खड़ी है और आवश्यकतानुसार उनका हर सम्भव सहयोग भी करेगी।

# 09 जनपदों के 38 प्रतिभागियों को होम–स्टे प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया

## होम-स्टे योजना से ग्रामवासियों को स्वरोजगार तथा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा -जयवीर सिंह

लखनऊ ।(आरएनएस) प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं के ज्ञान और कौशल में संवर्धन करने के उद्देश्य से होम–स्टे में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत युवाओं को आय के बेहतर साधन उपलब्ध हो सके तथा युवा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि होम–स्टे योजना से ग्रामीणवासियों को रोजगार के साथ आमदनी भी प्राप्त होगी और पर्यटन गांव तक पहुंच जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि होम–स्टे योजना के तहत 229 गांवों को पर्यटन गांवों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां ठहरने की व्यवस्था स्थानीय समुदाय द्वारा होम–स्टे के रूप में प्रदान की जाएगी। जो स्थानीय भ्रमण, स्थानीय व्यंजन, लोक गीत–नृत्य, स्थानीय सांस्कृतिक एवं परंपराओं का अनुभव प्रदान करेंगे। गौरतलब हो कि विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना 'कृषि–ग्रामीण और गंगेय–ग्राम ग्रामीण पर्यटन' के माध्यम से चयनित गांवों के लोगों के लिए अलग–अलग चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिससे की स्थानीय स्तर पर ही उद्यमिता विकास किया जा सके।

जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को होम–स्टे प्रबंधन 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का समापन सम्पन्न हुआ। जुलाई 22 से 26 तक आयोजित इस पांच दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या, कानपुर, मैनपुरी, आगरा, अलीगढ़, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा और कासगंज से कुल 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को संचार कौशल, बेसिक कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल संचार, व्यक्तित्व विकास, सौंदर्य मानक, मार्केटिंग, एकाउंटेंसी के बुनियादी कौशल, होम–स्टे से जुड़े नियम–कानून, होमस्टे के कार्यात्मक क्षेत्रों का रखरखाव, सुसज्जित करना, आंतरिक सजावट एवं प्रभावी ढंग से संचालन करना, स्थानीय व्यंजनों, हस्तशिल्प, कलाकृति, स्थानीय तीज–त्यौहार मनाने, बेहतर आतिथ्य सेवा, ग्राहक सेवा रणनीति, स्वच्छता और सुरक्षा आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया, जिससे कि लाभार्थी कुशलतापूर्वक अपने होम–स्टे का संचालन कर आगंतुकों को बेहतर अनुभव प्रदान कर सकें।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रशिक्षण के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया एवं सभी को अध्ययन सामग्री, ग्रुप फोटो और जूट बैग के साथ टीशर्ट व किट भी प्रदान की गयी। लखनऊ स्थित होटल प्रबंधन, खान–पान प्रौद्योगिक एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान (आई.एच.एम.) की फैकल्टी आर.के. सिंह, पंकज कुमार, प्रसंग अग्रवाल, अनूप कुमार, अंकित दंभरे, प्रकाश निगम और दीप्ति यादव ने प्रशिक्षण दिया गया। कानपुर भीतर गांव से आए लल्लन ने बताया की इस ट्रेनिंग से उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला है, जिसे वो अपने होम–स्टे के संचालन में ध्यान रखेंगे। आगरा बटेश्वर से आये अक्षय बाजपेई ने बताया की पहले हमें होम–स्टे के बारे में इतनी जानकारी नहीं थी, यहां आकर बहुत अच्छा लगा, बहुत कुछ नया सीखने को मिला, ट्रेनिंग के दौरान हमें अच्छी व्यवस्था दी गयी इतना मैंने सोचा भी नहीं था। कासगंज से आए अंकेश कुमार ने बताया की ट्रेनिंग हम सभी के लिए बहुत उपयोगी रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

इस ट्रेनिंग मोड्यूल में थ्योरी के साथ प्रशिक्षणार्थियों को हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस भी दिया गया। इसी क्रम में प्रतिभागियों को मोहनलालगंज स्थित नेचर्स अबोड–कर्नल फार्म एक्सपोजर विजिट भी कराया गया। सेवानिवृत्त कर्नल अग्नि कुमार सिंह ने नेचर्स अबोड के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि कृषि और ग्रामीण पर्यटन में बहुत संभावनाएं हैं लोग शहर की दौड़–भाग से थककर गांव की ओर आ रहे हैं और होम–स्टे की डिमांड लगातार बढ़ रही है। अयोध्या से आए धर्मराज और आदित्य सिंह ने बताया की होमस्टे विजिट करके हमें अच्छा अनुभव मिला यहां क्लास में जो पढ़ा उसे जमीन पर देखकर अच्छा अनुभव मिला, जिसे हम अपने होमस्टे के संचालन में ध्यान रखेंगे।

# मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं – डा0 पवन कुमार

लखनऊ(आरएनएस)। ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ की तरफ बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ की ओ0पी0डी0 में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मदरसा नदवा तुल उलेमा के 50 छात्रों ने समाज और मानवता के लिए रक्त दान किया। इस रक्त दान शिविर में डॉ0 पवन कुमार अरुण डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय, डॉ0 एन0 बी0 सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और संस्था के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर डायरेक्टर बलरामपुर चिकित्सालय डा0 पवन कुमार अरुण ने संस्था का उनके इस काम के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि रक्त दान करना जितने पुण्य का काम है उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता,इन छात्रों ने जो रक्त दान किया है उनका ये कार्य मानवता की मिसाल है। आज पूरे देश में लोग जाति और धर्म के नाम पर कुछ भी करने को तैयार हैं लेकिन रक्तदान से पीछे रहते हैं वहीं मदरसा नदवा तुल उलेमा के इन छात्रों ने जो रक्तदान किया है वो किसी न किसी जान बचाएगा और वो भी बिना जात और धर्म देखे। मेरा आशीर्वाद है कि इन छात्रों का भविष्य उज्जवल हो, और ये छात्र हमारे देश को और बुलंदी तक ले कर जाएं। हमारे देश में हर साल न जाने कितने ही लोग सिर्फ समय पर रक्त न मिल पाने की वजह से अपनी जान गँवा बैठते हैं ,और ये ऐसी चीज है जिसे किसी फैक्ट्री में बनाया नहीं जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि दुनिया के हर धर्म से बड़ा मानवता का धर्म है। वहीं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 एन0 बी0 सिंह ने कहा कि इन छात्रों ने रक्त दान कर के मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा किया है। आज हमारे समाज में इस तरह के काम बहुत कम हो गये हैं। आज हमें लोगों को रक्त दान के लिए ज़्यादा से ज़्यादा जागरूक करने की जरूरत है क्या पता आपके द्वारा दान किया गया रक्त आप के ही किसी अपने के काम आ जाये। ऐसे में संस्था का ये काम सराहनीय है। मदरसा नदवा तुल उलेमा के इन छात्रों का भी एक मात्र उद्देश्य मानवता की सेवा ही करना है। बाद में संस्था के कोऑर्डिनेटर शफीक चौधरी ने सब के सहयोग की प्रशंसा की और तमाम लोगों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। इस दौरान डॉ0 विनोद, डॉ0 उस्मानी के साथ संस्था के सदस्य गण मौजूद रहे

## प्रदेश में 16 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 12 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 16 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 12 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। इसके तहत जनपद प्रयागराज में 02. मथुरा, बुलन्दशहर चित्रकूट में एक–एक, शाहजहांपुर में 06 तथा हरदोई जनपद में 5 गोसंरक्षण केन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरणध्उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

# लैंगिक हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता और सहभागिता जरूरी है' – पुलिस अधीक्षक

लखनऊ(आरएनएस) । लैंगिक हिंसा को अस्वीकार्य बनाने वाले संगठन ब्रेकथ्रू ने आज लखनऊ में एक कार्यक्रम में अपने महिला सुरक्षा ऑडिट के परिणाम जारी किए। ब्रेकथ्रू का सुरक्षा ऑडिट मॉडल असुरक्षित क्षेत्रों की पहचान करता है और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान बनाने की योजना बनाता है। लखनऊ में चार समुदायों में लागू की गई, रिपोर्ट ने महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करने वाले सार्वजनिक सुरक्षा मुद्दों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की है।महिलाओं के खिलाफ हिंसा को भारत में लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक माना जाता है। यह न केवल देश पर एक बड़ी आर्थिक लागत लगता है बल्कि महिलाओं और लड़कियों को सार्वजनिक जीवन में भाग लेने से भी रोकता है। ब्रेकथ्रू महिलाओं और लड़कियों के बीच आकांक्षा, नेतृत्व, एजेंसी और बातचीत कौशल को बढ़ावा देकर लिंग–समान संस्कृति की ओर एक पीढ़ीगत बदलाव को सक्षम बनाता है। महिला सुरक्षा ऑडिट लखनऊ में गरीब आवास योजना दुबग्गा,पारा, लौलाई और बरवानकलां नामक चार स्थानों पर आयोजित किया गया था और इसे कम्युनिटी यूथ लेड इनिशिएटिव द्वारा किया गया था कार्यक्रम में मौजूद महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की पुलिस अधीक्षक रुचिता चौधरी ने कहा "सुरक्षा ऑडिट के माध्यम से निष्कर्ष बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण और योग्य कदम है। इसकी सिफारिशें उल्लेखनीय हैं और इन्हें निश्चित रूप से प्रशासन का समर्थन मिलना चाहिए। मैं लोगों से आग्रह करूंगी कि वो सामने आ कर और निडर होकर रिपोर्ट करें। हम महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं सभी को हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करने और उसका सही तरीके से उपयोग करने की भी सलाह दूँगी।" ब्रेकथ्रू की चीफ प्रोग्राम ऑफिसर नयना चौधरी ने बताया कि ष्महिला सुरक्षा ऑडिट के परिणामों की रिपोर्ट हमारे सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के व्यापक मुद्दे को समझने और संबोधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लखनऊ से एकत्र की गई अंतर्दृष्टि से बेहतर बुनियादी ढांचे, बेहतर मार्ग प्रकाश व्यवस्था और अधिक प्रभावी पुलिसिंग की तत्काल आवश्यकता का पता चलता है। लेकिन इन उपायों से परे, हमें लैंगिक समानता और सुरक्षा के प्रति हमारे सांस्कृतिक दृष्टिकोण में सामूहिक बदलाव की आवश्यकता है। ब्रेकथ्रू इस बदलाव को आगे बढ़ाने और हिंसा और भेदभाव से मुक्त भविष्य की ओर अग्रसर होने में हमारे युवाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अयोध्या के होटल पंचशील में इंडियन इंस्टिट्यूट आफ मैटेरियल मैनेजमेंट द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

अयोध्या(आरएनएस)। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित राज मीणा , राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केश कुमार रस्तोगी एवं नौसर्जित शाखा के मुख्य सलाहकारध्संयोजक डॉ० हरेंद्र कुमार उपस्थित थे। आई आई एम एम के पदाधिकारी गणों द्वारा संस्थान के क्रियाकलापों से प्रेस की टीम को अवगत कराया गया और बताया गया कि यह संस्थान विगत विगत 5 दशकों से सामग्री प्रबंधन क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहा है। यह संस्थान अखिल भारतीय तकनीकी संस्थान से अनुमोदित 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा का कोर्स ऑनलाइन तरीके से करता है और यह कोर्स संपूर्ण भारत में क्रियाशील 56 शाखाओं के माध्यम से किया जाता है। शैक्षणिक कार्यक्रम के अतिरिक्त यह संस्थान मैटेरियल्स मैनेजमेंट, सप्लाई चौन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट, इत्यादि विषयों पर अपने विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विचार व्यक्त करता है एवं इससे इंडस्ट्री में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों को अपने स्किल को विकसित करने में सहायता प्रदान करता है। मुख्य सलाहकार द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री एल आर मीणा की अध्यक्षता में अनुमोदित नई शाखा का सृजन अयोध्या में किया जाना है, जिससे संबंधित कल यानी 27 जुलाई 2024 को सायं 6रू00 बजे से उद्घाटन समारोह एवं सप्लाई चौन मैनेजमेंट बेसिक टू रोबोटिक विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या के महापौर श्री गिरीश पति त्रिपाठी जी, विशिष्ट अतिथि एसजीपीजीआई लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉक्टर आर के शर्मा होंगे एवं संपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता नेशनल प्रेसिडेंट आईआई एम एम श्री अल आर मीना करेंगे। सेमिनार के अध्यक्ष श्री आर ए यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की भी बैठक होनी है जिसमें पूरे देश से लगभग 100 सदस्य शामिल होंगे।

# विकास कार्यों का समय पर फीड कराएं डाटा व करें उसका अनुश्रवण –गौरव दयाल

## -मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री डैश-बोर्ड अनुश्रवण, कानून एवं सुरक्षा व राजस्व की किया समीक्षा बैठक

अयोध्या(आरएनएस)। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मंडल अनुश्रवण (विकास कार्यो से सम्बंधित) की माह जून 2024 की प्रगति रिपोर्ट पर मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में आहूत की गयी। मण्डलायुक्त ने मण्डल के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने–अपने जनपदों के कार्यो का नियमित समीक्षा करते हुए समय–समय पर डाटा फीड कराएं और उसका अनुश्रवण करें, जिससे जिले की रैंकिंग के साथ साथ मण्डल की रैंकिंग में सुधार आ सकें। उन्होंने ऊर्जा विभाग के खराब ट्रांसफार्मर की शिकायत, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीणध्शहरी, विद्युत बिलों में सुधार हेतु आवेदन बिन्दुओं का समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी अमेठी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विद्युत सम्बंधी उपकरण की आपूर्ति न होने के कारण समस्या बनी रहती है, जिस पर मंडलायुक्त ने मुख्य अभियन्ता पावर कार्पोरेशन को निर्देश दिये कि मण्डल को प्राप्त होने वाले विद्युत सम्बंधी उपकरणों को जिले की आवश्यकता अनुसार सीधे जिलो को स्टोर में भेजे। इसके साथ ही जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर व अमेठी द्वारा गलत विद्युत बिलों की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि एमडी पावर कार्पोरेशन से इस विषय पर पत्राचार कराते हुए शीघ्र गलत बिलों का निस्तारण सुनिश्चित करायें। इसके साथ ही मुख्य अभियन्ता पावर कार्पोरेशन को निर्देश दिये कि मण्डल के सभी जिलों के अधिशाषी अभियन्ताओं को पंचायत व ब्लाक स्तर पर कैम्प का आयोजन कर गलत विद्युत बिल की शिकायतों पर तत्काल ठीक करवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिन मीटर रीडर द्वारा गलत बिल बनाये जा रहे है उन पर कार्यवाही करते हुये एफआईआर दर्ज करायें और इसका अनुश्रवण जिलाधिकारी अपने स्तर से सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए सभी जिलाधिकारियों से कहा कि फसल बीमाओं का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार कराएं और भवन निर्माण के जो कार्य चल रहे है या पूर्ण हो चुके है उसके फिनीशिंग कार्य व गुणवत्ता का भौतिक निरीक्षण अवश्य करा लें। उन्होंने समीक्षा के दौरान बताया कि चिकित्सा विभाग में एम्बुलेंस के फर्जी रिपोर्टिंग व बिल की शिकायत, सिंचाई व विद्युत विभाग में अनियमितता की शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिलाधिकारी गण व अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में अभियान चलाकर चल रहे झोलाछाप डॉक्टरों व उनकी क्लीनिक पर कार्यवाही करें। उन्होंने उपनिदेशक पर्यटन को निर्देश दिये कि जनपद अमेठी जाकर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पर्यटन सम्बंधित जो भी समस्या आ रही है उसका निराकरण कराएं तथा राज्य योजना के तहत मण्डल में जो भी कार्य संचालित है उसकी सूची शीघ्र कार्यालयों को व संबंधित जिलों के जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करें। उन्होंने अपर निदेशक बेसिक शिक्षा व महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार के अन्तर्गत आईसीडीएस पोषण अभियान का पोर्टल पर डाटा को सही करायें। पशुधन विभाग के तहत अण्डा उत्पादन की जनपद अमेठी में इकाईयां बढ़ाने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने संयुक्त विकास आयुक्त को लोक निर्माण विभाग के तहत सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कराकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी अमेठी द्वारा जल की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने अधीक्षण अभियन्ता सिंचाई को निर्देश दिये कि सभी सम्बंधित नोडलों से वार्ता कर समस्या का निदान करायें और सम्भव हो तो अगली बैठक में सभी को बुलायें। मण्डलायुक्त ने विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्राप मोर क्राप–माईक्रोईरीगेशन, विद्युत बिलों के सुधार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम, बीज डी0बी0टी0, डे0एन0आर0एल0एम0 बैंक क्रेडिट लिंकेज व बी0सी0 सखी, आवास योजना, मनरेगा, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, एम्बुलेंस 102ध्108, टेली रेडियोलॉजी, सिटी स्कैन सेवाएं, सहकारी दुग्ध समिति, दिव्यांग पेंशन, जलजीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, आपरेशन कायाकल्प, पशु टीकाकरण, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन आदि शासन की मुख्य बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी।

# आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम एंथे–2024 के लांच की घोषणा'

## कक्षा सातवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए शत प्रतिशत फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार की पेशकश

लखनऊ (आरएनएस)। अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए, परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गर्व से बहुप्रतीक्षित आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं–बारहवीं कक्षा के छात्रों को महत्वपूर्ण नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति अर्जित करने का मौका देती है, जिससे उन्हें चिकित्सा या इंजीनियरिंग में एक सफल करियर के अपने सपनों को हासिल करने में मदद मिलती है। इस वर्ष, इसे विशेष और रोमांचक बनाने के लिए इसमें पांच उत्कृष्ट छात्रों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए में कैनेडी स्पेस सेंटर की पांच दिवसीय पूर्ण–खर्च–भुगतान यात्रा शामिल की गई है। फ्लोरिडा में स्थित जॉन एफ कैनेडी स्पेस सेंटर, संयुक्त राज्य अमेरिका में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दस फील्ड सेंटरों में से एक है। एंथे छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ताओं को आकाश के व्यापक कोचिंग कार्यक्रमों से लाभ होगा, जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ और एमडी श्री दीपक मेहरोत्रा ने कहा, "आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एंथे के इन 15 वर्षों का जश्न मनाते हुए, हमने अपने पाठ्यक्रमों को पूरे देश में योग्य छात्रों के लिए सुलभ बनाने का काम किया है, चाहे उनका स्थान कोई भी हो। एंथे छात्रों को, चाहे वे कहीं भी हों, अपनी गति से नीट और आईआईटी–जेईई परीक्षाओं की तैयारी करने में सक्षम बनाता है। हम एंथे 2024 में मजबूत भागीदारी की आशा करते हैं और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए समर्पित हैं।

## नारायण सेवा संस्थान का लखनऊ में विशाल निशुल्क नारायण लिम्ब शिविर 28 को

लखनऊ(आरएनएस)। उदयपुर राजस्थान का प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा उत्तर प्रदेश में दिव्यांगों के कल्याणार्थ विशाल निःशुल्क शिविर का आयोजन 28 जुलाई को लखनऊ के दयाल गेटवे होटल में आयोजित होगा। संस्थान निदेशक ट्रस्ट्री देवेंद्र चौबीसा ने बताया कि ऐसे लोग जिन्होंने किसी हादसे में या अन्य बीमारी के चलते अपना हाथ–पैर गंवा देने से अंगविहिन हुए है, उन्हें दिव्यांगता की दुःखभरी जिन्दगी से निकालने के लिए संस्थान निस्वार्थ भाव से प्रतिबद्ध है। पदमश्री अलंकृत संस्थापक कैलाश मानव जी की प्रेरणा से संस्थान विगत 39 वर्षों से संस्थान मानवता और दिव्यांगता के क्षेत्र में सेवारत है। उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजनों को मदद पहुंचाने के संकल्प से विशाल निःशुल्क दिव्यांगता निवारण ऑपरेशन चयन एवं नारायण लिम्ब मैजरमेंट शिविर लखनऊ के दयाल गेटवे होटल, किसान बाजार, विभूति खंड,सिनेपोलिस मॉल के सामने गोमती नगर में रविवार 28 जुलाई को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा। संस्थान के मीडिया एवं जनसम्पर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए बताया कि नारायण सेवा संस्थान का यह फ्री कैम्प विशेष है। इसमें दिव्यांग बन्धुओं को संस्थान के अनुभवी

# जनता के बीच जाकर बजट पर चर्चा करेंगे भाजपाई

## -चुनावी घोषणा पत्र में किए वादों को पूरा करेगा बजट: अशोक कटारिया

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) जनता के बीच जाकर भाजपा कार्यकर्ता बजट पर चर्चा करेंगे। यह चर्चा उन्हें कैसे करनी है इसके लिए कार्यक्रम आयोजित कर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को टिप्स दिये। 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किए था। इसकी विशेषताओं और लाभों के बारे में जनता को बताने के लिए पूरे प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। शुक्रवार को गिर्राज महाराज कॉलेज पर महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में आयोजित विचार संगोष्ठी में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता भाजपा के मथुरा जनपद प्रभारी एमएलसी अशोक कटारिया ने कहा कि बजट 2024 पूरी तरह से भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र पर आधारित है। जनता से किए गए हर वायदे को पूरा करने का रोडमैप तैयार किया गया है। यह बजट विकसित भारत की गारंटी का बजट है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गरीबों, किसानों, एससी एसटी और एमएसएमई में कार्यरत लोगों के साथ बजट के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा करने को कहा। बजट को भेदभावपूर्ण बताकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम पर वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक कटारिया ने कहा कि बजट पर रचनात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय विपक्ष केवल राजनीति करने में लगा है। जनता द्वारा दिए जनादेश को बार बार अपमानित करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं पर जोर दिया गया है जो देश को विकसित राष्ट्र बनाने में उपयोगी साबित होगा। आभार व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने कार्यकर्ताओं से अपने व्यक्तिगत और आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर बजट के विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा करने को कहा। इस दौरान आशुतोष शुक्ला, महिपाल सिंह, संजय शर्मा, अनिल खंडेलवाल, धर्मेश सोनकर, यशपाल सिंह, विनीत शर्मा, राजू चौधरी, यशराज चतुर्वेदी, सुनील तरकर, विक्रम मुद्गल, शुभम ठाकुर, अंकित चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी ने किया।



# 30 देशों से पधारे बाल गणितज्ञों का लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत

लखनऊ, 26 जुलाई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय 'इण्डिया इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स कम्पटीशन (इण्डिया आईएमसी–2024)' का भव्य उद्घाटन कल 27 जुलाई, शनिवार को सायं 5.00 बजे प्रदेश की राज्यपाल माननीया श्रीमती आनंदीबेन पटेल सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में करेंगी। इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता का



आयोजन 27 से 31 जुलाई तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें 30 देशों के 1000 से अधिक बाल गणितज्ञ व विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। इण्डिया आईएमसी–2024 में प्रतिभाग हेतु विभिन्न देशों से पधारी छात्र टीमों का आज लखनऊ पधारने पर भव्य स्वागत हुआ। अपने अभूतपूर्व स्वागत से देश–विदेश से पधारे छात्र अत्यन्त गद्गद् नजर आये। इसके अलावा, प्रतिभागी छात्रों के मार्गदर्शन हेतु फिलीपीन्स से पधारे प्रख्यात गणितज्ञ डा. साइमन एल चुआ, ताईवान के प्रख्यात गणितज्ञ प्रो. वेन सेन सुन, बुल्गारिया से पधारे गणितज्ञ श्री व्लादिस्लाव मरिनोव समेत देश–विदेश से पधारे प्रख्यात गणित विशेषज्ञों का भी भव्य स्वागत हुआ। इस पाँच दिवसीय इण्डिया आईएमसी–2024 में देश–विदेश के बाल गणितज्ञ गणित की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं जैसे पजल चौलेन्ज, इण्डिविजुअल कान्टेस्ट, टीम कान्टेस्ट आदि में अपने गणित ज्ञान एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इण्डिया आईएमसी–2024 के प्रतिभागी देशों में बोलिविया, बोत्सवाना, बुल्गारिया, बांग्लादेश, कनाडा, चीन, साइप्रस, हाँगकाँग, इण्डोनेशिया, किर्गिस्तान, कोरिया, मकाउ, मलेशिया, मैक्सिको, मंगोलिया, नेपाल, पेरू, फिलीपीन्स, रोमानिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, ताइवान, तजाकिस्तान, थाईलैण्ड, ट्यूनीशिया, युगांडा, उजबेकिस्तान, अमेरिका, वियतनाम एवं भारत प्रमुख हैं।

# कोतवाली पुलिस ने बांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

(मथुरा)(ए.के.शर्मा) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तगणध अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उमेश चन्द्र त्रिपाठी के कुशल



नेतृत्व में चौकी प्रभारी धौली प्याऊ अनिल तेवतिया, मुख्य आरक्षी विमल प्रकाश की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर पोक्सो अधि0 में वांछित अभियुक्त शिवम उर्फ दीपांशु पुत्र प्रमेश निवासी बढीवाला थाना मुजफ्फरनगर को रेलवे अस्पताल के सामने, धौलीप्याऊ थाना कोतवाली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त शिवम उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पॉस्को एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। थाना राया पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।प्रभारी निरीक्षक राया अशोक कुमार,वरिष्ठ उप निरीक्षक सुनील कुमार जोशी सहित पुलिस टीम राया द्वारा शुक्रवार को पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त पप्पन पुत्र सत्यप्रकाश उर्फ सत्तार निवासी ग्राम थोक ज्ञान सोनई थाना राया को एक्सप्रेस वे राया कट ऊपर नोएडा की तरफ जाने वाली सडक पर गिरफ्तार किया।




# मुलताई में युवा छतरी पवार समाज संगठन एवं संस्कार सेना ने किया प्रतिभा शाली बच्चों एवं समाज सेवियों का सम्मान

मुलताई मध्य प्रदेश रूमां ताप्ती की पावन धरा उद्गम स्थल मुलताई स्थित गायत्री शक्तिपीठ में संस्कार सेना के जिला कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश चंद्र पवार के नेतृत्व में युवा क्षत्रिय पवार समाज संगठन एवं संस्कार सेना द्वारा 80: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा विभिन्न कार्यों में ख्याति प्राप्त प्रतिभाशाली बच्चों को



प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह एवं मैडल से सम्मानित किया समाज के प्रेरणा स्रोत रहेस्वर्गी गोपीनाथ काल भोर की स्मृति में प्रतिभा सम्मान तथा स्वर्गी कन्हैया लाल बुबाडेध की स्मृति में 30 समाजसेवियों को मानव सेवा सम्मान से सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभाशाली बच्चों से माता–पिता पूजन कराते हुए युवा पीढ़ी को सम्मान का संदेश दिया कार्यक्रम के

मुख्य अतिथि संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगडे ने भी माता–पिता समान बुजुर्गों की पूजन की तथ बच्चों के प्रति माता–पिता के त्याग को याद दिलाते हुए बच्चों से माता–पिता के सम्मान का आवाहन कियातो एक छात्रा निशा पवार द्वारा मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में संस्कार सेना की राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रकाश दुबेनरेंद्र रगड़े मनोज चंदेल माहेश्वरी पवार निर्मला पवार सुनीता पवार धानी वारंगे निगार खान रमेश बोबडे टीकाराम मंडले संस्कार सेना के जिला संयोजक परशुराम बचले सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे इस मौके पर बबलू हिग्वे को युवा जिला अध्यक्ष पवार समाज नियुक्त किया वहीं राजेश पवार को बैतूल जिला अध्यक्ष नियुक्त किया तथा माता–पिता के प्रति सम्मान के दिशा में विशेष कार्य करने वाले युवाओं को आगामी समय में श्रवण कुमार अवॉर्ड से सम्मानित करने की घोषणा भी की गई।

# हजारा पुलिस ने जसवीर के हत्यारे को दवोचा

हजारा।बीते दिन जसवीर सिंह हुई हत्या के अपराधियों को हजारा पुलिस ने दबोच लिया है और विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। मामला जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर अंर्तगत थाना हजारा क्षेत्र का है। हजारा थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दिन रविवार को मवेशी चराने गए जसवीर सिंह की मार पीट कर हत्या कर शव सुतिया नाले में फेंक दिया गया था जिसका शव दूसरे दिन बाजार घाट गाव के पास सुतिया नाले में पुलिया के पास से वरामद किया गया था, मृतक की पत्नी के दिए गए तहरीर मे वब्लू को नामजद किया गया था जिसके आधार पर बब्लू उर्फ बलजिंदर सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम वमन पुर भगीरथ टिल्ला नं०4 को गिरप्तार कर पूछताक्ष के दौरान बब्लू ने बताया कि वह और उसका पिता प्रेमसिह पुत्र जोगा सिंह को आशंका है। कि उसका भाई जो नेपाल की जेल में वंद है उसे नेपाल पुलिस द्वारा पकडवाने में जसवीर सिंह का हाथ है। इसी को लेकर उससे रंजीस थी जिसके चलते जसवीर सिंह को सुतिया नाले मे डूवा डूवा कर पीट पीट कर मारा गया है। उपरोक्त दोनो अपराधियों बब्लू और प्रेमसिंह पर आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है।

# डाक कांवड़ लाने निकले चार दोस्तों में से दो की हादसे में मौत

## यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 124 पर हुआ हादसा

मथुरा। डाक कांवड़ लाने के लिए मोटरसाइकिल से निकले चार दोस्तों में से दो की सडक हादसे में मौत हो गई। जबकि दो दोस्त गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सड़क हादसा यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 124 पर सुबह शुक्रवार की सुबह करीब पौने दस बजे हुआ। सूचना पर पहुंची थाना बलदेव पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां दो युवकों को मृत घोषित कर दिया गया। सुबह के समय क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी हुई। इसी बीच मोटरसाइकिल फिसल कर डिवाइडर से जा टकराई। थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि आकाश शर्मा (20 वर्ष) पुत्र संजीव शर्मा निवासी नगला पदी दयालबाग आगरा, अनु (21 वर्ष) पुत्र फूल सिंह निवासी नगला पदी दयालबाग आगरा की मृत्यु हो गई है, जबकि कालू पुत्र सुनील निवासी नागलपदी आगरा और रोहित पुत्र खेतपाल निवासी ग्राम मादौर थाना बलदेव मथुरा घायल हैं। घायल रोहित ने बताया कि बाइक पर चारों युवक सवार थे और आगरा से हरिद्वार जा रहे थे। मांट टोल तक गए लेकिन पैसे कम पड़ जाने के कारण टोल से आगे जाने की बजाय वापस लौट आये। घटना की सूचना पुलिस द्वारा युवकों के परिजनों को भी दे दी गई थी। रोहित की हालत स्थिर है उसके सिर में चोट लगी है जबकि कालू को उसके परिजन इलाज के लिए आगरा ले गए हैं। आकाश और अनु के शव का पंचायतनामा भरा जा रहा है मौके से एक्सीडेंटल गाड़ी और घटनास्थल का निरीक्षण करने से दुर्घटना की बात सामने प्रतीत हो रही है।

# संस्कार सेना एवं हर्षित कोचिंग इंस्टीट्यूट भोपाल ने किया प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

23 जुलाई को अमराई भोपाल में हर्षित कोचिंग इंस्टिट्यूट एवं संस्कार सेना के संयुक्त तत्वाधान में एक कार्यक्रम आयोजित कर 80 परसेंट से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं का संचालिका श्रीमती दुर्गा यादव द्वारा स्मृति चिन्ह मेडल से सम्मान



किया कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद सुधीर शुक्ला भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला जिला उपाध्यक्ष भोपाल एवं संस्कार सेना के संस्थापक हरभजन जांगड़े युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित यादव राष्ट्रीय सचिव अलका धुर्वे सुरेंद्र मेहरा खेल प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष मंजीत यादव राजेंद्र चौहान जयंत सिंह गौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बच्चे तथा बच्चों के माता–पिता उपस्थित रहे बच्चों के द्वारा माता–पिता को साक्षात् भगवान मानते हुए उनकी पूजन आरती की गई

# दोहरे हत्याकाण्ड में दोष सिद्ध दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास

अयोध्या(आरएनएस)। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वंदना सिंह ने वर्ष 2019 में रौनाही क्षेत्र में बियर के सेल्स मैन प्रहलाद यादव उसके साथी रमेश यादव के खाने में जहर देकर नृशंस हत्या करने के बहुचर्चित मामले में दोष सिद्ध दो अभियुक्तों अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन व शिवशंकर श्रीवास्तव को आजीवन कारावास से दंडित किया है साथ ही जहर देने की धारा 328 में प्रत्येक अभियुक्त को पांच साल की सजा भी दिया गया है। वहीं प्रत्येक अभियुक्त पर 30 हजार रूपया जुर्माना भी किया गया है। जुर्माने की धनराशि में से 25 प्रतिशत मृतक प्रहलाद यादव की पत्नी पूनम को तथा दूसरे मृतक रमेश यादव के परिजन को भी 25 प्रतिशत दिया जायेगा। यह फैसला शुक्रवार को भरी अदालत में सुनाया गया है। फैसले के पश्यात दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेकर पुनः जेल भेजने का आदेश पारित किया है। यह घटना रौनाही क्षेत्र सोहावल के सुचित्तागंज बाजार का वर्ष 2019 का है। वादी पक्ष से वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता अजय वर्मा व पूर्णिमा सिंह ने अभियुक्तों को सजा दिलाने में जोरदार पैरवी किया। अभियोजन पक्ष से सरकारी अधिवक्ता रोहित पाण्डेय व ज्ञानेश चन्द्र पाण्डेय के मुताबिक जगदीश यादव पुत्र शोभा यादव निवासी सैराठी का पुरवा बसन्तपुर थाना हुजुरपुर जिला बहराइच का है। इसका लड़का प्रहलाद यादव अयोध्या जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र अन्तर्गत सुचित्तागंज बाजार स्थित राम कुमार की बियर की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था गांव के बाबू यादव का लड़का रमेश यादव व अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन कैंटीन देशी शराब के पीछे चलाते थे। जहां शिवशंकर श्रीवास्तव भी अंग्रेजी शराब की दूकान पर सेल्समैन का काम करता था। प्रहलाद यादव से दोनों विपक्षी अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन व शिवशंकर कैंटीन को लेकर रंजिश रखते थे इस बावत कई बार कहासुनी भी हुई थी उस समय रमेश यादव ने प्रहलाद यादव का साथ दिया था इसी रंजिश को लेकर 22 सितम्बर 2019 को विपक्षियों ने एक पार्टी रखी थी जिसमें वादी के लड़के प्रहलाद यादव रमेश यादव को आमंत्रित किया था। आरोपियों ने हत्या करने की नियत से दोनों के खाने में जहर मिला दिया इस कारण दोनों की हालत बिगड़ गयी दोनों को सुबह जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दूसरे दिन 23 सितम्बर को रमेश यादव की दिन में लगभग 12 बजे मौत हो गयी और प्रहलाद यादव की हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां इलाज के दौरान प्रहलाद यादव की भी मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम रिर्पोट में खाने में जहर मिलाने की बात सामने आया था। घटना की रिपोर्ट थाना रौनाही में अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन, शिवशंकर श्रीवास्तव तथा शेष गिरी के विरूद्ध मु.अ.सं. 467ध19 अन्तर्गत धारा 147, 302, 328 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान विवेचन ने तीसरे आरोपित शेष गिरी का नाम निकालकर अखिलेश कुमार गुप्ता उर्फ पवन व शिवशंकर श्रीवास्तव के विरूद्ध आरोप पत्र सम्बंधित कोर्ट में प्रस्तुत किया गया था। वादी के अधिवक्ता अजय वर्मा व पूर्णिमा सिंह ने बताया कि दोनों अभियुक्तों की जमानत हाईकोर्ट लखनऊ से भी निरस्त हो चुकी थी। जो अभी तक जेल में ही बंद थे। वहीं वादी व गवाहों के बयान के आधार पर दोनों अभियुक्तो पर हत्या की धारा 302 व 328 के तहत दोष सिद्ध के बाद शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी साथ ही पांच साल की सजा भी दी गयी है। प्रत्येक अभियुक्त पर 30 हजार रूपया जुर्माना भी लगाया गया है।

# रामनगरी में फिर निकला जमीन का जिन्न

अयोध्या(आरएनएस)। रामनगरी में सस्ती जमीन लूट का एक और जिन्न निकल आया है। किसानों ने लोढ़ा ग्रुप पर जबरन जमीन कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि अपनी खरीदी जमीन पर काबिज लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर आसपास की जमीनों पर भी काम नहीं करने दे रहे। इस मामले में किसानों को समाजवादी पार्टी का साथ मिला है। शुक्रवार को पूर्व राज्यमंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने किसानों के साथ प्रेसवार्ता की। हक के लिए सड़क पर संघर्ष की चेतावनी दी है। मामला माझा बरेहटा का है। जहां एक बार फिर जमीन का जिन्न जाग चुका है। यहां जमीन के कब्जे के प्रयास को लेकर रामनगरी फिर चर्चा में है। यहां माझा बरेहटा में जमीन को लेकर लोढ़ा ग्रुप और स्थानीय किसान आमने–सामने हैं। किसानों ने समाजवादी पार्टी सरकार में राज्यमंत्री रहे पूर्व विधायक तेजनारायण पवन पांडे के साथ प्रेसवार्ता की। माझा बरेहटा के किसानों का मामला लेकर पवन पांडे ने लोढ़ा ग्रुप पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि जमीन लेने के बाद भी अब स्थानीय किसानों को लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर परेशान कर रहे हैं। जिससे बची हुई जमीन को भी कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। पवन पांडेय ने कहा कि अब किसानों की तरफ से समाजवादी पार्टी ने आंदोलन की कमान संभाल ली है। पत्रकार वार्ता में पवन पांडे ने चेतावनी दी है कि किसी भी हालत में किसानों का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। किसानों के हक के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। प्रेसवार्ता में पांडेय ने प्रश्न किया कि अब प्रदेश सरकार बताए कि किसानों के लिए क्या कर रही है। किसानों की जमीन का मामला प्रदेश सरकार की परीक्षा है। अगर सरकार ईमानदार है तो किसानों की जमीन बचाए नहीं तो सरकार ही भ्रष्ट समझी जाएगी।

# सपा नेताओं ने संविधान मान स्तंभ दिवस पर की चर्चा

अयोध्या(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर संविधान मान स्तंभ दिवस पर चर्चा किया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियां महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने विस्तार से संविधान मान स्तंभ के बारे में चर्चा किया। समाजवादी पार्टी आज संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है। पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले जी की है। ज्योतिराव फुले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। आज के दिन, 26 जुलाई सन 1902 को राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अंमल शुरू किया। बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया। उनका उद्देश्य हजारों सालों से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं था, उनको आरक्षण देना था अर्थात बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने हेतु उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था। इसमें महात्मा ज्योतिराव फुले जी का अधूरा काम राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने करवीर अर्थात कोल्हापूर संस्थान में पूरा किया और महात्मा ज्योतिराव फुले और राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज का अधूरा काम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया। आज भाजपा सरकार निजीकरण करके, नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है।

# संपादकीय

## सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में घर खरीदने वालों को बड़ी राहत दी है। फ्लैट का कब्जा नहीं पाने वालों को ईएमआई पेमेंट को लेकर बैंकों, वित्तीय संस्थानों या बिल्डरों द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न ही उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला चलेगा।

सबसे बड़ी अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें खरीदारों की याचिकाओं को अन्य कानूनी विकल्पों की मदद लेने की बात कह कर खारिज कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने केंद्र, बैंकों समेत अन्य को नोटिस भी जारी किया। पीठ ने सभी मामलों पर अंतरिम रोक लगाई जिसके तहत बैंकोंधवित्तीय संस्थानों या बिल्डरध्डेवलपर की ओर से मकान खरीदारों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी। पहले भी अदालत ने खरीदारों के पक्ष में सख्त फैसले दिए हैं। जब संसद में कानून पास होने के बाद कुछ रिअल एस्टेट कंपनियों ने इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी थी।

दिवालिया कानून यानी इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी में बदलाव कर खरीदार को डिफॉल्टर, डवलपर को उसकी रकम वापस देने संबंधी संशोधन किया गया था।

खरीदारों का कहना है कि बैंक की तरफ से ऋण सीधा बिल्डर के खाते में जाता है। जो रिजर्व बैंक के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन है। देश में जिस तेजी से विकास हो रहा है। डेवलपर और बिल्डर सरकारी महकमें से मिली–भगत कर ऊंची–ऊंची इमारतें बना रहे हैं। मध्यम वर्ग को सपने दिखा कर मोटी रकम वसूली होती है। पूरा पैसे चुकाने के बावजूद हजारों लोग तय वक्त पर घर न मिलने से परेशान होकर बिल्डरों के दफ्तरों के चक्कर लगाते नजर आते हैं।

विभिन्न कानूनी विकल्प होने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। हालांकि यह फैसला खासकर एनसीआर के मकान खरीदारों के लिए है जबकि यह देश भर के नागरिकों के हित में लागू होना चाहिए।

जनता की गाढ़ी कमाई के प्रति बैंकों– वित्तीय संस्थानों, बिल्डरोंध डेवलपरों को खुली छूट देने के प्रति सबसे पहले सरकार ही जिम्मेदार है। यह फैसला उन खरीदारों को राहत देने वाला तो है ही, जो अपने घर का सपना दिखा कर खरीदारों को उचित जवाब तक नहीं देते वहीं लोन देकर कर्जदारों को जंजाल में फंसाने वालों को भी सबक लेना होगा।

## बजट देश की समृद्धि लोगों के निजी हितों का विशेष ध्यान - योगेश कु. गोयल

लोकसभा चुनाव से पहले इसी साल 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जुलाई में पूर्ण बजट में सरकार द्वारा विकसित भारत के लक्ष्य का विस्तृत रोडमैप प्रस्तुत किया जाएगा।

अंतरिम बजट में न तो आम आदमी के लिए राहत की कोई विशेष घोषणाएं हुई थी और न ही उन पर कोई बड़ा बोझ लादा गया था, लेकिन अंतरिम बजट में भी सरकार का मुख्य फोकस गरीबों और महिलाओं पर ही दिखा था। आम बजट में हर वर्ग के लिए कुछ–न–कुछ राहत देने का प्रयास किया गया है। वैसे, सरकार का फोकस गरीबों, महिलाओं, युवाओं और अन्नदाताओं पर दिखा है, साथ ही बजट में रोजगार के अवसर बढ़ाने का रोड़मैप भी पेश किया गया है।

बजट में देश की समृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ–साथ लोगों के निजी हितों का भी विशेष ध्यान रखा गया है, साथ ही उन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तारित करने की भी घोषणा की गई है, जो मौजूदा समय में लोगों के निजी हितों को सकारात्मक तरीके से प्रभावित कर रही हैं। कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए इस वर्ष बजट आवंटन 1.52 लाख करोड़ रु पए है। बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो भारत की कुल जीडीपी का 3.4 प्रतिशत होगा। वित्तमंत्री के अनुसार 2024–25 तक वित्तीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है और सरकार का लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाना है। बजट में आम लोगों से लेकर तमाम करदाता टैक्स स्लैब में कमी, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने और 80सी के तहत मिलने वाली छूट को बढ़ाए जाने की आस लगाए हुए थे। और वित्तमंत्री ने उन्हें निराश भी नहीं किया। आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार नई आयकर दरों से करदाताओं को कम से कम 17500 रुपए की बचत होगी। वित्तमंत्री के मुताबिक नई कर व्यवस्था से सरकार को सात हजार करोड़ रुपए का राजस्व नुकसान होगा, लेकिन इससे चार करोड़ वेतनभोगियों को लाभ होगा। विदेशी कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स की दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत की गई है और आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा भी की गई है। हर तरह के स्टार्टअप्स के लिए एंजेल टैक्स हटाने का ऐलान किया गया है। बजट में जिन प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया गया है, उनमें रोजगार और कौशल, कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, शहरी विकास, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा सुरक्षा, अगली पीढ़ी के सुधार, विनिर्माण और सेवाएं, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, नवाचार, अनुसंधान और विकास इत्यादि शामिल हैं। रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट में युवाओं के लिए दो लाख करोड़ रु पए आवंटित किए गए हैं और युवाओं को रोजगार के लिए तीन प्रमुख योजनाओं पर काम करने का ऐलान भी किया है। सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्ननशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें 5000 रुपए प्रतिमाह इंटर्ननिशप भत्ता और 6000 रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाएगी और प्रशिक्षण के दौरान होने वाले खर्च को कंपनी सीएसआर फंड से वहन करेगी। वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना भी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जो पिछले बजट की तुलना 32 प्रतिशत ज्यादा है। उत्पादन क्षेत्र में रोजगार सृजन को पहली बार कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ी योजना के माध्यम से प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य 50 लाख लोगों के लिए अतिरिक्त रोजगार को प्रोत्साहित करना है। छात्रों को 7.5 लाख रुपए श्मॉडल स्किल लोन्न्य का लाभ देने का ऐलान भी बजट में किया गया है, जिससे उन छात्रों को लाभ पहुंचेगा, जो पैसों के अभाव में पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते थे। उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपए तक के लोन के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा भी बजट में है। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए तीन लाख करोड़ रुपए के आवंटन और मुद्रा ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 रुपए लाख रुपए की गई है। पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में होंगे। विभिन्न क्षेत्रों के लिए की गई अन्य विशेष घोषणाओं में शहरी आवास योजना के लिए 10 लाख करोड़ रुपए, ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए, सड़क सम्पर्क परियोजनाओं के लिए 26 हजार करोड़ रुपए, बिहार में हाईवे के लिए 26 हजार करोड़ रुपए, अमरावती के विकास के लिए 15 हजार करोड़ रुपए, 12 औद्योगिक पाकरे को मंजूरी इत्यादि शामिल हैं।

# किसान आंदोलन की समाधान राहें बातचीत से ही खुलेगी



केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई–वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है।मोदी सरकार 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री ने सरकार की जिन 9 प्राथमिक्ताओं का जिक्र किया उसमें विकसित भारत लिये रोजगार, महंगाई नियंत्रण, कृषि, महिला–युवा विकास के साथ–साथ मध्यम वर्ग के लिये पहली बार सकारात्मक सोच सामने आयी है। बावजूद इसके विपक्षी दल किसी न किसी बहाने उसका विरोध करते हुए संसद में हंगामा बरपा रहे हैं। सभी क्षेत्रों के लिये न्यायसंगत एवं विकास योजनाओं के बावजूद विरोध होना अतिश्योक्तिपूर्ण है। विपक्षी दल इस आरोप के सहारे बजट का विरोध कर रहे हैं कि उसमें अन्य राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है। इस विरोध का आधार बिहार और आंध्र प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए विशेष घोषणाएं के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगों को लेकर किसी तरह की घोषणा न करने के मुद्दे हैं। विपक्षी दल किसान आन्दोलन को उग्र करने के प्रयास करेंगे। ऐसा इसलिये भी लग रहा है कि बुधवार को ही नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से नई दिल्ली में मुलाकात करने के बाद किसान नेताओं ने साफ भी कर दिया है कि दिल्ली मार्च का उनका कार्यक्रम जारी रहेगा। संसद सत्र जारी है, ऐसे में किसान आंदोलन को लेकर प्रतिपक्ष सरकार पर हमलावर होगा, एक बार फिर किसान आन्दोलन के उग्र से उग्रतर होने की संभावनाएं हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।सुप्रीम कोर्ट ने किसान–आन्दोलन से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब–हरियाणा से सटे शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखने का औचित्यपूर्ण आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी अहम है कि एक 'तटस्थ मध्यस्थ' की आवश्यकता है जो सरकार और किसानों के बीच विश्वास कायम कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव भी दिया है। प्रश्न है कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल न्यायालय के इस महत्वपूर्ण सुझाव को आकार देने की बजाय किसान–आन्दोलन को उग्र करने की मंशा रखते हुए अराजक माहौल ही क्यों बनाना चाहते है? क्यों अव्यवस्था फैलाने चाहते हैं? निश्चित ही शंभू बॉर्डर खोले जाने पर कानून–व्यवस्था को लेकर संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यह बात सही है कि शंभू बॉर्डर खोले जाने से आंदोलनरत किसानों के दिल्ली कूच की राह खुल सकती है। आंदोलनरत किसान संगठन पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि जब भी सीमाएं खुलेंगी, किसान ट्रैक्टर ट्रोलियों के साथ दिल्ली की ओर बढ़ेंगे। शीर्ष अदालत हरियाणा सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें उसे एक सप्ताह के भीतर अंबाला के पास शंभू सीमा पर बैरिकेड्स हटाने के लिए कहा गया था जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। केन्द्र सरकार एवं विपक्षी दलों को मिलकर इस विकट समस्या का समाधान निकालने के लिये कोई सार्थक प्रयास करने चाहिए। किसानों के भरोसे को जीतने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन नेशनल हाई–वे पर जेसीबी और बख्तरबंद ट्रैक्टर ट्रॉली की इजाजत तो इस समस्या का समाधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषज्ञों की समिति के जरिए बातचीत का जो प्रस्ताव दिया है उस पर सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। लेकिन दोनों पक्षों को ही आंदोलन खत्म करने के लिए बातचीत के माध्यम से समाधान का रास्ता निकालने की पहल करनी होगी। किसान आंदोलन के उग्र रूप को भी यह देश देख चुका है, भारी नुकसान भी हुआ है। किसानों की समस्याएं अपनी जगह हैं और इनकी आड़ में होने वाली राजनीति अपनी जगह। वैसे भी स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर समिति के गठन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार पहले ही दे चुकी है। यह बड़ा सच है कि बात करने से ही बात बनती है। बातचीत की हर संभावना का स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी आंदोलन का लंबे वक्त तक जारी रहना सचमुच चिंताजनक है। ऐसे आन्दोलन को उग्र करने की विपक्षी दलों की मानसिकता भी संदेहों एवं अविश्वासों से घिरी है। अच्छा हो कि विपक्षी दल एवं नेता प्रचार पाने के लिए विरोध की बेतुकी रस्म निभाने के बजाय बजट में कृषि क्षेत्र के लिये किये गये बड़े ऐलानों पर गौर करें। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। इनमें कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए मौसम में बदलाव को बरदाश्त कर सकने वाली फसलों की प्रजातियों को विकसित करने पर जोर दिया गया है। इसके लिए एग्रीकल्चर रिसर्च के बजट को भी बढ़ाया गया है। विपक्षी पार्टियां लगातार किसानों एवं कृषि को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रही हैं। कोई न कोई बहाना चाहिए विरोध का, अब किसान–आन्दोलन के सहारे अपनी राजनीति चमकाने की जुगत में देश का कितना नुकसान होगा, कहा नहीं जा सकता। जबकि भाजपा सरकार द्वारा भारतीय अर्थ–व्यवस्था की वृद्धि और विकास में कृषि की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में कृषि क्षेत्र पर अधिक ध्यान दिया गया है। कृषि में उत्पादकता, किसानों के हितों एवं कृषि की सुदृढ़ता को बढ़ाना बजट द्वारा निर्धारित शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। उल्लेखनीय है कि बजट में जो नौ प्राथमिकताएं शामिल है, उनमें कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए करीब 1.52 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से खेती–किसानी की दशा–दिशा सुधरने की आस बढ़ी है। विभिन्न फसलों की प्रस्तावित 109 किस्मों से भी उत्पादकता में बढ़ोतरी की उम्मीद है। ये किस्में जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रही प्रतिकूल मौसमी परिघटनाओं के विरुद्ध कवच का काम करेंगी। दलहन–तिलहन को प्राथमिकता, डिजिटल क्राप सर्वे के अतिरिक्त किसान उत्पादक संघों यानी एफपीओ एवं भंडारण और आपूर्ति शृंखला पर ध्यान देने जैसे उपाय उपज को पहुंचने वाले नुकसान को घटाने एवं कीमतों में स्थायित्व सुनिश्चित करेंगे। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ की बड़ी राशि आवंटित की गई है। भले ही सरकार ने सीधे तौर पर बजट में किसानों की आय बढ़ाने और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित न किए जाने से किसानों को निराशा हुई हो लेकिन बजट में तिलहन में आत्मनिर्भरता, सब्जी उत्पादन केन्द्र विकसित करने और खेती के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात कही गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बजट से आने वाले समय में एग्रीकल्चर सेक्टर की विकास की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी जो सीधे तौर पर किसानों की आय भी बढ़ायेगा एवं उन्नत कृषि को प्रोत्साहन भी देगा।असल में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की वैधानिक गारंटी और अन्य मांगें राजनीतिक मुद्दे बन गये हैं, जिनके चलते हो रहा आन्दोलन न केवल किसानों के बल्कि आम जनता के लिये भी परेशानी का सबब है। जबकि सरकार ने धान का उत्पादन करने वाले किसानों के लिए एमएसपी को बढ़ा कर 2300 कर दिया है जो स्वागत योग्य कदम है। उम्मीद थी की सरकार एमएसपी पर खरीद को सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। लेकिन बजट में इस तरह का कोई प्रावधान न होने से काफी निराशा हुई है। दुनिया भर के विकसित देश अनिवार्य रूप से किसानों की उपज को एमएसपी पर खरीदते हैं। लेकिन भारत में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। विपक्षी दल किसानों के हित में आन्दोलन की बजाय बातचीत के रास्ते पर आगे बढ़े। स्तरीय विरोध हो, किसानों को गुमराह करने एवं उनका मनोबल कमजोर करने के लिये विपक्षी दल उजालों पर कालिख न पोते, इससे उन्हीं के हाथ काले होने की संभावनाएं है।

# प्रतिबंध मुक्त संघ एक नयी किरण का आगाज

आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था।केंद्र की राजग सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं साहसिक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा कर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक भावना एवं मूल्यों का जीवंत किया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वर्तमान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक गैर–राजनीतिक संगठन है, गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न संघ एक रचनात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक संगठन है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता–अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में संघ के योगदान की विभिन्न राजनीतिक विचारधारा के नेताओं एवं दलों ने प्रशंसा भी की है। इस नये आदेश को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है, क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी, जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है। दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय–समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े

# शिक्षण प्रक्रिया में समावेशन अत्यावश्यक

प्रो. सरोज शर्मा

वर्तमान शिक्षा के बदलते स्वरूप में शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता जरूरी है जो हमारे देश की भावी पीढ़ी को नया आकार देगी और शिक्षकों की मजबूत पहचान सुनिश्चित करेगी। इसके लिए हमें अपने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को नये परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करने की जरूरत है।

इस दिशा में एनईपी–2020 ने शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को उचित रूप से मान्यता दी है, जिसमें 21वीं सदी के सीखने के कौशल एवं सामग्री के साथ–साथ शिक्षा शास्त्र में उच्च गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण भी शामिल होगा और जो भावी शिक्षकों को बदलते समय की गति के साथ आगे ले जाएगा।

हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली ने हमेशा व्यक्ति के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों को गौरवशाली भारतीय संस्कृति और विरासत को दृष्टिगत करते हुए नया स्वरूप दिया जाना चाहिए। शिक्षा सामूहिक सामाजिक प्रयास है जो सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक नागरिक गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए अनुशासित होकर अपनी पूर्ण कार्यक्षमता के साथ समाज का महत्त्वपूर्ण सदस्य बने। 21वीं सदी में हम जब वैश्विक समाज में रह रहे हैं तब शिक्षकों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण के बहुमुखी कार्यक्रमों की जरूरत है। शिक्षा पाठ्यक्रम को इस तरह से संशोधित करने की भी आवश्यकता है कि वह समावेशी हो और उसमें आजीवन सीखने, शिक्षार्थियों के विकास और अनुप्रयोगों पर जोर हो।

लोकतांत्रिक सिद्धांतों और मूल्यों पर भी बल दिया जाना चाहिए और भावी शिक्षकों के बीच राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास होने चाहिए। पाठ्यक्रम को समाज की लगातार बदलती जरूरतों, नैतिक मानदंडों, प्रौद्योगिकी उन्नति और प्रसार एवं वर्तमान संदर्भ में दूरस्थ–वर्चुअल सीखने की पद्वति का भी संज्ञान लेना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद संपूर्ण भारत में अध्यापक शिक्षा का नियामक और पथप्रदर्शक है।

आज उसकी भूमिका और भी बढ़ती जा रही है। इसने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए भी हैं। इनमें से 4–वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) महत्त्वपूर्ण कदम है। एक ओर चार वर्षीय विशिष्ट पाठ्यचर्या का निर्माण किया गया है तो दूसरी ओर कुछ चयनित संस्थानों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा जहां नवीन आवश्यकताओं के अनुसार आधारभूत संरचना और मानव संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक (एनपीएसटी) अध्यापकों की गुणवत्ता का एक आधार प्रस्तुत करता है। इससे 21वीं सदी में अध्यापकों की कार्यदक्षता निर्धारित होगी ताकि बदलती तकनीक से वे स्वयं को कुशल बनाते रहे।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद का एक और अभिनव प्रयास राष्ट्रीय मेंटरिंग मिशन (एनएमएम) है। यह शिक्षकों को सलाह देने, ज्ञान के औपचारिक–अनौपचारिक प्रसार के साथ ही शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल के विकास की दिशा में कार्य करता है। अनेक सरकारी नवाचारों को लागू करने के लिए ब्रिज कोर्स का निर्माण सरल और प्रभावी कदम होगा। जैसे–शारीरिक शिक्षा और योग शिक्षण। इसी प्रकार समावेशी शिक्षा पर भी पाठ्यक्रम जरूरी है। हम अपने समाज में बड़ी संख्या ऐसे बच्चों की पाते हैं, जो किसी न किसी तरह की शारीरिक या मानसिक अक्षमता से ग्रसित होते हैं। उनकी आवश्यकताएं बाकी बच्चों से अलग होती हैं। यही कारण है कि वे कहीं न कहीं शिक्षण की मुख्यधारा से अलग हो जाते हैं। अध्ययन– शिक्षण प्रक्रिया में उनका समावेशन अत्यावश्यक है। शिक्षकों में यह कौशल विकसित करना जरूरी है।

भारत से अतीत में ज्ञान की कई धाराएं प्रवाहित हुई, परंतु कालांतर में कहीं खो गई। शिक्षक का अत्यंत महत्त्वपूर्ण दायित्व उस समर्थ और श्रेष्ठ भारत से विद्यार्थियों का परिचय कराना भी है। अतरू एक ओर जहां शिक्षण– अध्यापन सामग्री के पुनरीक्षण के साथ–साथ भारतीय ज्ञान परंपरा के समावेशन की आवश्यकता है, वहीं शिक्षकों को भी इस दिशा में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है। इसमें भारत के दर्शन, चिकित्सा, गणित, खगोल शास्त्र, धातु विज्ञान, जीवन मूल्यों आदि जैसे विविध ज्ञान क्षेत्र से परिचय ब्रिज कोर्स के माध्यम से हो सकता है। सूचना तकनीक आज ज्ञान के प्रसार और शिक्षण का अत्यंत प्रभावी माध्यम है।

यह शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच की दूरी को भी कम कर देती है। बदलते परिवेश और और बदलती तकनीक के साथ शिक्षकों का सूचना प्रौद्योगिकी में पारंगत होना समय की आवश्यकता है। तकनीकी विकास ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी परिष्कृत प्रौद्योगिकी को भी संभव बना दिया है,

जो ज्ञान का एक नया संसार है। लेकिन हर प्रौद्योगिकी के साथ उसके न्यायपूर्ण उपयोग की आवश्यकता होती है ताकि संतुलन बना रहे।

शिक्षक संतुलन बनाए रखने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। शिक्षक शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग भविष्य के शिक्षकों के साथ भावी विद्यार्थियों को भी सशक्त बनाएगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि–आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप कोई नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

वृष राशि–आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज कोई खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे।

मिथुन राशि–आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं, आपकी सैलरी बढ़ सकती है।

कर्क राशि–आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर का अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने दूर होगी।

सिंह राशि–आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। राजनीति से जुड़े लोगों का रुतबा बढ़ेगा। आज आप किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं।

कन्या राशि–आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे। संतान को लेकर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

तुला राशि–आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि–आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

धनु राशि–आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा।

मकर राशि–आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे।

कुंभ राशि–आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे। लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी।

मीन राशि–आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

# जिसकी वजह से एलन मस्क ने स्पेसएक्स और के हेडक्वार्टर को शिफ्ट करने जैसा फैसला ले लिया



कनाडियन लेखिका जस्टिन विल्सन से अपनी पहली शादी से मस्क के पांच बेटे थे। 2004 में जुड़वाँ जेवियर और ग्रिफिन का जन्म हुआ, उसके बाद 2006 में तीन बच्चों डेमियन, काई और सैक्सन का जन्म हुआ।17 जुलाई की तारीख जब दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने घोषणा कर दी कि वो अपनी दो कंपनियों स्पेसएक्स और एक्स के हेडक्वार्टर को कैलिफोर्निया से टेक्सास में शिफ्ट करेंगे। मस्क की तरफ से उठाया गया ये कदम क्या इनकम ट्रैक्स से बचने के लिए था? जवाब है नहीं, दरअसल, मस्क का अचानक लिया गया फैसला विचारधारा से प्रेरित प्रतीत होता है। एक्स हैंडल पर इस बाबत मस्क ने एक पोस्ट में लिखा कि मैंने करीब एक वर्ष पहले गवर्नर न्यूसम को स्पष्ट कर दिया था कि इस प्रकार के कानून कंपनियों तथा परिवारों को अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए कैलिफोर्निया छोड़ने के लिए मजबूर करेंगे। मस्क ने इस कानून पर इतनी कड़ी प्रतिक्रिया क्यों दी? क्या ऐसा इसलिए था क्योंकि उनके 12 बच्चों में से एक ट्रांसजेंडर हैं और जिसने दो साल पहले टेस्ला सीईओ से सारे रिश्ते तोड़ लिए हैं? कनाडियन लेखिका जस्टिन विल्सन से अपनी पहली शादी से मस्क के पांच बेटे थे। 2004 में जुड़वाँ जेवियर और ग्रिफिन का जन्म हुआ, उसके बाद 2006 में तीन बच्चों डेमियन, काई और सैक्सन का जन्म हुआ। एलन मस्क के बेटे जेवियर ने 18 साल की उम्र में अपना जेंडर बदलवा लिया और अपना नाम जेवियर से बदलकर विवियन जेना विल्सन रख लिया था। लेखक वाल्टर इसाकसन के अनुसार, उन्होंने पापा मस्क को सूचित नहीं किया। इसके बजाय, जेवियर ने एलन की भाभी को संदेश भेजा जिसमें उसने कहा कि अरे, मैं ट्रांसजेंडर हूं, और मेरा नाम अब जेना है। मेरे डैड को मत बताना। कैलिफोर्निया का कानून क्या कहता है कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नए कानून पर हस्ताक्षर किए। सुरक्षा अधिनियम तब आया जब कैलिफोर्निया के कई स्कूल जिलों ने ऐसी नीतियां पारित कीं जिनके अनुसार यदि कोई बच्चा अपनी लिंग पहचान बदलने का अनुरोध करता है तो माता–पिता को सूचित किया जाना जरूरी नहीं है। छात्रों पर यह निर्णय छोड़ने का तर्क शामिल है कि उन्हें अपनी लिंग पहचान कब और किसको प्रकट करनी है। इस कानून में कहा गया है कि ये निर्णय, व्यक्तिगत निर्णय हैं, जो स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ–साथ महत्वपूर्ण रिश्तों पर प्रभाव डाल रहे हैं, जिसे प्रत्येक एलजीबीटीक्यू व्यक्ति को अपने लिए लेने का अधिकार है। कानून की धारा 2 के खंड (एफ) में कहा गया है कि ऐसी नीतियां जिनमें छात्रों को उनकी सहमति के बिना बाहर ले जाने की आवश्यकता होती है, वे उनकी निजता और आत्मनिर्णय के अधिकारों का उल्लंघन करती हैं।

# जिस कश्मल का इंतजार था आखिरकार वो आ गया, बराक ओबामा का वीडियो काल आते ही झूमने लगीं कमला हैरिस

हम आपको बता दें कि अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा अपने दोनों कार्यकाल पूरा होने के एक दशक बाद भी डेमोक्रेटिक पार्टी की सबसे लोकप्रिय शख्सियतों में से एक बने हुए हैं। बराक ओबामा ने बाइडन के चुनावी चंदा जुटाने के अभियान को भी समर्थन दिया था। अमेरिका में चार महीने बाद होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मैदान में उतरीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को मिलने वाला समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार बनने के लिए प्रतिनिधियों का पर्याप्त समर्थन जुटा चुकीं कमला हैरिस हालांकि अब तक इस बात से हैरान थीं कि क्यों अब तक पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उनके नाम का समर्थन नहीं किया है। हम आपको याद दिला दें कि जब जो बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने का ऐलान किया था तब पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, उनकी पत्नी हिलेरी क्लिंटन और प्रतिनिधि सभा की पूर्व अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने कमला हैरिस के नाम का समर्थन तत्काल कर दिया था। बाइडन ने भी कमला हैरिस को दिल से अपनाने की अपील करते हुए उनके पक्ष में चुनाव प्रचार करने का ऐलान किया था। साथ ही बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव में अपने प्रचार के लिए जुटाये गये धन को कमला हैरिस के प्रचार के लिए उपयोग करने का निर्देश तक दे दिया था। लेकिन सब हैरत में थे कि बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा क्यों चुप हैं? हम आपको याद दिला दें कि ओबामा ने बाइडन के चुनावी रेस से बाहर होने के फैसले





का स्वागत तो किया था लेकिन कमला हैरिस को कमान सौंपने के राष्ट्रपति के फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन अब 19 अगस्त से शिकागो में शुरू होने वाले 'डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन' से पहले पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ने कमला हैरिस को अपना समर्थन दे दिया है। ओबामा दंपति ने लगभग एक मिनट लंबे वीडियो कॉल के दौरान राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस की दावेदारी का समर्थन किया। ओबामा दंपति ने समर्थन जताने के लिए उपराष्ट्रपति को फोन किया तो देखते ही देखते यह खबर सुर्खियों में छा गयी। रिपोर्टों के मुताबिक, ओबामा ने कमला हैरिस से कहा कि हमने यह कहने के लिए फोन किया है कि मिशेल और मुझे आपका समर्थन करने और आपको इस चुनाव में ओवल ऑफिस तक पहुंचाने के लिए हर संभव कोशिश करने पर गर्व होगा। वहीं मिशेल ओबामा ने कहा कि कमला हैरिस मुझे आप पर गर्व है। इस बार का चुनाव ऐतिहासिक होने जा रहा है।हम आपको बता दें कि ओबामा दंपति से बात करते समय कमला हैरिस का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें वह बातचीत के दौरान लगभग झूमती हुई नजर आ रही हैं। सेल फोन पर बात करते हुए मुस्कुराहट के साथ कमला हैरिस ने समर्थन और दोस्ती निभाते रहने के लिए ओबामा दंपति का आभार व्यक्त किया। कमला हैरिस ने कहा कि आप दोनों को धन्यवाद। आपका समर्थन बहुत मायने रखता है। इस बीच, कमला हैरिस के प्रचार अभियान ने ओबामा दंपति का फोन आने की खबरों की पुष्टि की है। हम आपको बता दें कि अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बराक ओबामा अपने दोनों कार्यकाल पूरा होने के एक दशक बाद भी डेमोक्रेटिक पार्टी की सबसे लोकप्रिय शख्सियतों में से एक बने हुए हैं। बराक ओबामा ने बाइडन के चुनावी चंदा जुटाने के अभियान को भी समर्थन दिया था। अब जब उन्होंने कमला हैरिस को समर्थन दे दिया है तो उनके प्रचार अभियान में नई ऊर्जा आ गयी है। ओबामा का समर्थन मिलने से कमला हैरिस के प्रचार में आर्थिक मदद देने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। वैसे जबसे कमला हैरिस राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हुई हैं तबसे उन्हें रिकॉर्डतोड़ चंदा मिल रहा है। खास बात यह है कि उन्हें मदद देने वालों में पहली बार डेमोक्रेटिक पार्टी को दान दे रहे लोगों की संख्या काफी है। यानि अमेरिकी जनता भी इस बात को चाह रही है कि कोई युवा ही उनका नेतृत्व करे। हम आपको बता दें कि उम्र के मामले में कमला हैरिस वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लगभग बीस वर्ष छोटी हैं। हरहाल, ओबामा की चुप्पी पर जो सवाल उठ रहे थे वह कमला हैरिस को उनकी वीडियो कॉल के बाद बंद हो गये हैं। हम आपको बता दें कि कुछ विश्लेषकों का मानना था कि ओबामा चाहते थे कि उनकी पत्नी मिशेल को पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाना चाहिए। लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के सूत्रों ने इन खबरों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि ओबामा ने कमला हैरिस को तत्काल समर्थन देने से इसलिए परहेज किया था क्योंकि वह चाहते थे कि उनकी पार्टी पहले उम्मीदवार चयन के लिए निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा कर ले। दरअसल ओबामा नहीं चाहते थे कि उनके किसी बयान से पार्टी की कोई प्रक्रिया बाधित हो या किसी को उनके समर्थन से अनावश्यक बढ़त मिले। अब जबकि कमला हैरिस के पास पार्टी के प्रतिनिधियों का पर्याप्त समर्थन आ गया था इसलिए ओबामा ने भी उनके सिर पर हाथ रख कर जीत का आशीर्वाद दे दिया है।

# हमें तुम पर गर्व है बराक और मिशेल ओबामा ने कर ही दिया कमला हैरिस का समर्थन, जानें क्या कहा ?


बाइडेन ने एक पत्र में कहा कि आपके राष्ट्रपति के रूप में सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। और जबकि मेरा इरादा फिर से चुनाव लड़ने का रहा है, मेरा मानना घ्घ्है कि यह मेरी पार्टी और देश के सर्वोत्तम हित में है कि मैं खड़ा हो जाऊं और अपने शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करूं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और पत्नी मिशेल ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया। ओबामा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मैंने अपने मित्र कमला हैरिस को फोन किया। हमने उससे कहा कि हमें लगता है कि वह संयुक्त राज्य अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति बनेगी और उसे हमारा पूरा समर्थन है। हमारे देश के लिए इस महत्वपूर्ण क्षण में हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि वह नवंबर में जीत हासिल करें। हमें उम्मीद है कि आप हमसे जुड़ेंगे। पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने कहा कि मुझे अपनी कमला पर बहुत गर्व है। बराक और मैं उसकी सकारात्मकता, हास्य की भावना और प्रकाश लाने की क्षमता के कारण डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के रूप में उसका समर्थन करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। पूरे देश के लोगों को आशा है कि हमें आपका साथ मिलेगा। इन दिनों वर्तमान राष्ट्रपति जो बिडेन के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के बाद 59 वर्षीय हैरिस ने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद का नामांकन हासिल करने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधियों को सुरक्षित कर लिया है। बाइडेन ने एक पत्र में कहा कि आपके राष्ट्रपति के रूप में सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। और जबकि मेरा इरादा फिर से चुनाव लड़ने का रहा है,



मेरा मानना घ्घ्है कि यह मेरी पार्टी और देश के सर्वोत्तम हित में है कि मैं खड़ा हो जाऊं और अपने शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करूं। बराक और मिशेल ओबामा दोनों ने 2016 में हिलेरी क्लिंटन और 2020 में बिडेन के लिए अलग–अलग प्रचार किया था, जिसमें चुनाव दिवस से पहले समापन सप्ताहांत पर बड़ी रैलियां भी शामिल थीं।बाइडेन ने यह निर्णय डेमोक्रेट्स के बढ़ते दबाव के बीच लिया था, जिसमें उनसे दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव न लड़ने के लिए कहा गया था। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ उनकी बहस के प्रदर्शन से डेमोक्रेट चिंतित थे, जिससे यह चिंता बढ़ गई कि सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति 81 साल की उम्र में चुनाव नहीं जीत पाएंगे। बाइडेन ने ओबामा के उपराष्ट्रपति के रूप में दो कार्यकाल पूरे किए, एक चयन जिसने उन्हें सीनेट से बाहर निकाला और उन्हें राष्ट्रीय मंच पर धकेल दिया।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता बिलियम की कब होगी वापसी ? नासा ने दिया स्पेस स्टेशन से चिपके बोइंग स्टारलाइनर का अपडेट

स्टारलाइनर टीम अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए डेटा की समीक्षा कर रही है। न्यू मैक्सिको में नासा की व्हाइट सैंड्स टेस्ट सुविधा में आरसीएस थ्रस्टर परीक्षण ने मूल कारण मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और नाममात्र अनडॉक और लैंडिंग के लिए उड़ान तर्क को अंतिम रूप देने में मदद की। पिछले डेढ़ महीने से अंतरिक्ष में फंसी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर नासा ने नया अपडेट दिया है। नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर जुलाई में पृथ्वी पर नहीं लौटेंगे। नासा ने कहा कि उनके बोइंग कैप्सूल में आई दिक्कतों को इंजीनियर के दूर करने तक वे आईएसएस पर ही रहेंगी।



स्टारलाइनर टीम अब अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए डेटा की समीक्षा कर रही है। न्यू मैक्सिको में नासा की व्हाइट सैंड्स टेस्ट सुविधा में आरसीएस थ्रस्टर परीक्षण ने मूल कारण मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की और नाममात्र अनडॉक और लैंडिंग के लिए उड़ान तर्क को अंतिम रूप देने में मदद की।संवाददाता सम्मेलन के दौरान स्टारलाइनर कार्यक्रम प्रबंधक और उपाध्यक्ष मार्क नैप्पी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे पास चालक दल को वापस लाने के लिए एक अच्छा वाहन है। टीम ने इस सप्ताह के अंत में 28 आरसीएस थ्रस्टर्स में से 27 को गर्म करने की योजना बनाई है, जबकि अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में सुरक्षित रूप से डॉक किया गया है। इस परीक्षण का उद्देश्य थ्रस्टर्स के प्रदर्शन को सत्यापित करना और अतिरिक्त हीलियम रिसाव डेटा इकट्ठा करना है, जो 6 जून को अंतरिक्ष यान के आगमन के बाद से स्थिर बना हुआ है। रवानगी के एक दिन बाद छह जून को 'कैप्सूल' के अंतरिक्ष स्टेशन के पास पहुंचने पर पांच थ्रस्टर में गड़बड़ी आ गई।

तब से चार को फिर से चालू किया जा चुका है। स्पेस शटल के सेवा से हटने के बाद, नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष स्टेशन पर आवाजाही के लिए निजी कंपनियों को काम पर रखा है, जिसके लिए बोइंग और स्पेसएक्स को अरबों डॉलर का भुगतान किया गया है। यह बोइंग की पहली परीक्षण उड़ान थी जिसमें चालक दल सवार था। स्पेसएक्स 2020 से मानव को अंतरिक्ष में ले जा रहा है।

# उत्तरी जापान में भारी बारिश के बाद बाढ़ और भूस्खलन, सैकड़ों लोग शरण लेने को मजबूर

क्षेत्र के हजारों लोगों को ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई थी। हालांकि, शरण लेने वाले लोगों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है।उत्तरी जापान में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलनके कारण परिवहन सेवाएं बृहस्पतिवार को बाधित हो गईं तथा सैकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने यामागाटा और अकिता प्रांत के कई शहरों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की। इन शहरों में अब तक गर्म हवाएं चलने के कारण उमस भरा मौसम था।प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने प्रभावित



इलाकों के लोगों से मौसम संबंधी जानकारियों पर लगातार नजर बनाए रखने और "सुरक्षा को प्राथमिकता देने" की अपील की। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, अकिता प्रांत के युजावा शहर में एक व्यक्ति सड़क निर्माण स्थल पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद लापता हो गया।एजेंसी के मुताबिक, युजावा में बचाव कर्मियों ने नाव की मदद से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से 11 प्रभावितों को सुरक्षित निकाला। पड़ोसी यामागाटा प्रांत में सबसे अधिक प्रभावित युजा और सकाटा कस्बों में बृहस्पतिवार को एक घंटे के भीतर 10 सेंटीमीटर (चार इंच) से अधिक बारिश हुई।क्षेत्र के हजारों लोगों को ऊंचे एवं सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी गई थी। हालांकि, शरण लेने वाले लोगों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है।पूर्वी जापान रेलवे कंपनी के अनुसार, यामागाटा शिंकानसेन बुलेट ट्रेन सेवाएं बृहस्पतिवार को आंशिक रूप से निलंबित कर दी गईं। एजेंसी ने शुक्रवार शाम तक क्षेत्र में लगभग 20 सेंटीमीटर (आठ इंच) अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया और लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया।

# भारत की एक्ट ईस्ट नीति का आधार है आसियान, लाओस में राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर खुलकर बोले जयशंकर

आसियान उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके बाद बने इंडो–पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। हमारे लिए आसियान के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों से लोगों के बीच संबंध भी ऐसे ही हैं जिनका हम लगातार विस्तार करना चाह रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के लिए, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके इंडो–पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। आसियान–भारत के विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए, आसियान उसकी एक्ट ईस्ट नीति और उसके बाद बने इंडो–पैसिफिक दृष्टिकोण की आधारशिला है। हमारे लिए



आसियान के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों से लोगों के बीच संबंध भी ऐसे ही हैं जिनका हम लगातार विस्तार करना चाह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत आसियान को कितनी प्राथमिकता देता है, यह पिछले साल हमारे अपने जी–20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधान मंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा से स्पष्ट था। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने 12–सूत्रीय योजना की घोषणा की थी जिस पर काफी हद तक काम किया गया है। उन्होंने कहा कि यह जानना उत्साहजनक है कि भारत–आसियान साझेदारी हर गुजरते दिन के साथ और अधिक आयाम हासिल कर रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा जयशंकर कि लाओस यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि यह वर्ष भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक दशक का प्रतीक है, जिसकी घोषणा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में 9वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में की थी। एक्ट ईस्ट पॉलिसीश विभिन्न स्तरों पर विशाल एशिया–प्रशांत क्षेत्र के साथ आर्थिक, रणनीतिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक राजनयिक पहल है। भारत एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र की परिकल्पना करता है, जो नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर बना हो। आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं। इससे पहले शुक्रवार को जयशंकर ने न्यूजीलैंड के अपने समकक्ष विंस्टन पीटर्स से मुलाकात की और शिक्षा, कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशांत द्वीप समूह और क्रिकेट पर चर्चा की।

# ओबामा ने साध रखी है चुप्पी, ट्रंप को चुनौती देने से पहले कमला को जीतना होगा अपनों का भरोसा

कई सर्वे ये दावा कर चुके हैं कि डोनाल्ड ट्रंप लगातार बढ़त कायम रखा है। ऐसे में संभव है कि ट्रंप को मात देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी अपनी रणनीति में बदलाव कर सकती है। कहा तो ये भी जा रहा है कि बराक ओबामा को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा सकता है।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच बातचीत लगातार जारी है। मजेदार बात ये है कि ये बातचीत हैरिस के राष्ट्रपति पद पर बाइडेन द्वारा घोषणा किए जाने के बाद शुरू हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति की रेस से बाहर होने की बाइडेन के घोषणा के बाद कमला हैरिस को आवश्यक 1,976 से अधिक प्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त है। कमला हैरिस अपना चुनाव प्रचार भी शुरू कर चुकी हैं। उसके बाद से ही उनके और ओबामा के बीच कई बार बातचीत हो चुकी है। अमेरिकी चुनाव में इस बार की जंग इतनी भी आसान नहीं रहने वाली है। कई सर्वे ये दावा कर चुके हैं कि डोनाल्ड ट्रंप लगातार बढ़त कायम रखा है। ऐसे में संभव है कि ट्रंप को मात देने के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी अपनी रणनीति में बदलाव कर सकती है। कहा तो ये भी जा रहा है कि बराक ओबामा को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा कथित तौर पर 81 वर्षीय बाइडेन के ट्रंप से डिबेट में पिछड़ने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर करने के लिए सबसे प्रमुख आवाजों में से एक थे। ऐसा लगता है कि ओबामा द्वारा डाला गया दबाव बाइडेन



के अपना मन बदलने में काम कर गया। कुछ ही समय बाद, ओबामा ने एक पोस्ट में लिखा कि जो बाइडेन अमेरिका के सबसे परिणामी राष्ट्रपतियों में से एक रहे हैं, साथ ही मेरे लिए एक प्रिय मित्र और भागीदार भी रहे हैं। आज, हमें फिर से याद दिलाया गया है कि वह सर्वोच्च कोटि के देशभक्त हैं। ओबामा से सार्वजनिक समर्थन अभी भी होना बाकी है, कमला हैरिस, जिनका पालन–पोषण उनकी एकल भारतीय मां ने किया है, को कई अन्य डेमोक्रेट के साथ–साथ दानदाताओं और मशहूर हस्तियों से भी समर्थन मिला है। प्रमुख डेमोक्रेटिक फंडराइजर जॉर्ज क्लूनी ने हैरिस को अपना समर्थन दिया है और उपराष्ट्रपति हैरिस का समर्थन करने के लिए हम जो कुछ भी कर सकते हैं करने का वादा किया है।

# बांग्लादेश को 10 से विकेट से रौंदकर भारत पहुंचा फाइनल में, स्मृति मंधाना की अर्धशतकीय पारी

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से मात दी। वहीं अब फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान या श्रीलंका में से किसी एक टीम के साथ होगा। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान आपस में भिड़ेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को सेमीफाइनल में हराकर एशिया कप 2024 के फाइनल में अपनी एंट्री कर ली है। इस दौरान हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से मात दी। वहीं अब फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान या श्रीलंका में से किसी एक टीम के साथ होगा। दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान आपस में भिड़ेंगी। महिला एशिया कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में भारत ने रेणुका सिंह और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी और शेफाली वर्मा (नाबाद 26 रन) और स्मृति मंधाना (नाबाद 55 रन) के दम पर बांग्लादेश टीम को हरा दिया। इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की जो कि बाद में गलत फैसला हुआ।



टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर महज 80 रन ही बनाए। जिसके बाद भारत ने 81 रन का आसान लक्ष्य बिना विकेट गंवाए 11वें ओवर में ही हासिल कर लिया था।स्मृति मंधाना की नाबाद अर्धशतकीय पारीभारत की ओपनर बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सेमीफाइनल मैच में बेहद धैर्य के साथ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को जीत दिलाकर वापसी लौटीं। मंधाना का साथ शेफी वर्मा ने शानदार तरीके से निभाया और वो भी 28 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। वहीं मंधाना ने इस अहम मुकाबले में एक छक्के और 9 चौकों की मदद से 39 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए। दूसरी तरफ इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। रेणुका सिंह और राधा यादव ने निभाई। रेणुका सिंह ने इस मैच में 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट लिए और एक ओवर मेडन फेंका तो वहीं राधा यादव ने भी गजब की गेंदबाजी की और 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए और एक ओवर मेडन फेंका। पूजा वस्त्रकार और दिप्ती शर्मा को भी एक–एक सफलता मिली। बांग्लादेश की तरफ से निगार सुल्ताना ने 32 रन जबकि शोरना अख्तर ने नाबाद 19 रन की पारी खेली। इस टीम ने अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए।

# टीम इंडिया में बदलेगा हार्दिक पंड्या का रोल, जानें कप्तान सूर्यकुमार यादव ने क्या कहा ?


सूर्यकुमार यादव ने कहा कि, हार्दिक पंड्या हमारी टीम के लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। उनके रोल में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा। टीम के लिए वैसी ही भूमिका निभाएंगे जिस तरह से निभाते आ रहे हैं। बता दें कि, हार्दिक ने टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप जीतना में अहम भूमिका निभाई थी।भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले 3 मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बारे में भी बयान दिया। दरअसल, जब सूर्या से पूछा गया कि आपके कप्तान बनने के बाद क्या टीम में हार्दिक पंड्या के रोल में किसी तरह का कोई बदलाव होगा? इस पर उन्होंने कहा कि हार्दिक पंड्या हमारी टीम के लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। उनके रोल में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं होगा। टीम के लिए वैसी ही भूमिका निभाएंगे जिस तरह से निभाते आ रहे हैं। बता दें कि, हार्दिक ने टीम इंडिया को टी20 वर्ल्ड कप जीतना में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं सूर्यकुमार यादव ने रोहित शर्मा को लेकर कहा कि, वह एक लीडर हैं,



मैंने उनसे कप्तान के बारे में बहुत कुछ सीखा है। मैं इस टी20 टीम में उनकी खेल सैली का अनुकरण करना चाहता हूं। उन्होंने हिटमैन के बारे में आगे कहा कि रोहित शर्मा कप्तान से ज्यादा लीडर थे। मैं इस टी20 टीम में यही करना चाहूंगा। रोहित शर्मा ने भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाने के बाद टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।सूर्या ने आगे कहा कि भारतीय टी20 टीम में ज्यादा कुछ नहीं बदला है सिर्फ कप्तान बदला है।

# आईपीएल में हार्दिक–रोहित कप्तानी विवाद पर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी चुप्पी, जानें क्या कहा ?

मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी की काफी आलोचना भी हुई। हालांकि, हार्दिक ने जैसे ही भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई, चीजें पूरी तरह से बदल गई और हाल ही में इसी को लेकर टीम इंडिया के बेहतरी गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इसी को लेकर बयान दिया है। आईपीएल 2024 कई मायनों में बेहद रोमांचक रहा था। इस सीजन में सबसे ज्यादा मुंबई इंडियंस की कप्तानी और हार्दिक पंड्या काफी सुर्खियों में रहे। दरअसल, मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया। जिसके बाद फैंस को ये बात बिल्कुल भी नहीं जमीं और रोहित और ड्प के फैंस ने हार्दिक पंड्या को हर स्टेडियम में ट्रोल किया और



उनके खिलाफ हूटिंग भी हुई। इतना ही नहीं, मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी की काफी आलोचना भी हुई। हालांकि, हार्दिक ने जैसे ही भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाने में प्रमुख भूमिका निभाई, चीजें पूरी तरह से बदल गई और हाल ही में इसी को लेकर टीम इंडिया के बेहतरी गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इसी को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, कभी–कभी हम समझते हैं कि हम ऐसे देश में रहते हैं जहां भावनाएं चर्चा का विषय हैं। हम समझते हैं कि फैंस भावुक हो जाते हैं। खिलाड़ी भावुक होते हैं ये इस बात को प्रभावित करता है कि आप भारतीय खिलाड़ी हैं। लेकिन आपके अपने फैंस अच्छा नहीं बोल रहे हैं। आपको इसे चुनौती के तौर पर लेना होगा। आप लोगों को कैसे रोक सकते हैं? अगर आप अपने आप पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप ऐसे किसी भी मौके को बंद कर देते हैं। ये इतना आसान नहीं है, वे आपके खिलाफ चिल्ला रहे होते हैं। आप इसे सुन सकते हैं। बुमराह ने इंडियन एक्स्पेस अड्डा पर कहा कि, लेकिन फिर अंतर आत्मा आपकी मदद करती है। एक टीम के रूप में हम फैंस को प्रोत्साहित नहीं करते हैं। एक टीम के रूप में हम हार्दिक के साथ थे, हम उनसे बात कर रहे थे। उनका परिवार हमेशा वहीं था, कुछ चीजें आपके नियंत्रण से बाहर हैं। जब हमने वर्ल्ड कप जीता तो ये कहानी भी बदल गई। आप इसे गंभीरता से नहीं ले सकते। अब जब लोग आपकी तारीफ कर रहे हैं, तो ये सब कुछ या अंत नहीं है। जब हम एक मैच हारते हैं तो कहानी फिर बदल सकती है। क्योंकि हम एक ऐसा खेल खेलते हैं जो इतना लोकप्रिय है हर खिलाड़ी को इस सब से गुजरना पड़ता है।

# भारत क्यों जाए पाकिस्तान ? टीम इडिया को पड़ोसी मुल्क भेजने के सवाल पर भड़के भज्जी

अनुभवी गेंदबाज ने टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने से पहले दौरे के लिए सरकार की मंजूरी लेने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का भी समर्थन किया। अपने बयान में हरभजन ने कहा कि भारतीय टीम को पाकिस्तान क्यों जाना चाहिए?आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। इसकी मेजबानी पाकिस्तान के पास है। हालांकि, टीम इंडिया के पाकिस्तान दौरे को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है। इन सब के बीत भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इंडिया को अगले साल होने वाली आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के लिए सीमा पार पाकिस्तान नहीं जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर



कहा कि पड़ोसी देश में सुरक्षा स्थिति अभी भी अस्थिर है। अनुभवी गेंदबाज ने टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने से पहले दौरे के लिए सरकार की मंजूरी लेने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का भी समर्थन किया। अपने बयान में हरभजन ने कहा कि भारतीय टीम को पाकिस्तान क्यों जाना चाहिए? पाकिस्तान में सुरक्षा को लेकर चिंता है। पाकिस्तान में हालात ऐसे हैं कि लगभग हर दिन घटनाएं होती रहती हैं। मुझे नहीं लगता कि वहां जाना (टीम के लिए) सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई का रुख बिल्कुल सही है और हमारे खिलाड़ियों की सुरक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। मैं बीसीसीआई के रुख का समर्थन करता हूं। भारतीय बोर्ड ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से परहेज किया है और कहा है कि देश की सरकार तय करेगी कि पाकिस्तान की यात्रा करनी है या नहीं। हालाँकि पाकिस्तान ने कहा है कि वह सुनिश्चित करेगा कि भारत के सभी मैच लाहौर में आयोजित किए जाएंगे और भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक ही होटल में रहेगी। इसमें यह भी कहा गया कि एक शहर में होने से मेहमान पक्ष को फुलप्रूफ सुरक्षा प्रदान करना आसान हो जाएगा। इसके अलावा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में घोषणा की कि उसने 5–सितारा होटल बनाने के लिए लाहौर में गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम के निकट भूमि का अधिग्रहण किया है। सूत्रों से पता चला है कि पीसीबी की योजना खुद ही होटल बनाने की है और वह अगले साल की शुरुआत तक निर्माण पूरा करना चाहता है।

# सूर्यकुमार यादव का बयान, कहा– मुझे नेतृत्व करना अच्छा लगता है, अलग–अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग–अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चौंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारतीय टी20 टीम के नवनियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग–अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चौंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उनकी जगह सूर्यकुमार को कप्तान ने किया गया। उन्हें हार्दिक पंड्या पर प्राथमिकता दी गई जिन्हें पहले टी20 टीम की कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था। सूर्यकुमार कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला से करेंगे।मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई टीवी से कहां,''भले ही मैं कप्तान नहीं था लेकिन मैंने हमेशा मैदान पर नेतृत्वकर्ता की भूमिका का लुत्फ उठाया है। मैंने हमेशा अलग–अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा है। यह अच्छा एहसास और बड़ी जिम्मेदारी है।'' नए कप्तान सूर्यकुमार और नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की मौजूदगी में भारतीय टी20 टीम नए दौर की शुरुआत करेगी।सूर्यकुमार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से 2014 में गंभीर की अगुवाई में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं और इन दोनों के आपस में काफी अच्छे संबंध हैं। सूर्यकुमार ने कहा,''यह रिश्ता काफी खास है क्योंकि मैं 2014 में केकेआर की तरफ से उनके नेतृत्व में खेल चुका हूं। यह विशेष था क्योंकि वहीं से मुझे मौके मिले थे। हमारा रिश्ता अब भी मजबूत है।''उन्होंने कहा,''वह (गंभीर) जानते हैं कि मैं कैसे काम करता हूं और जब मैं अभ्यास सत्र में आता हूं तो मेरी मानसिकता क्या होती है। मैं यह भी जानता हूं कि वह कोच के रूप में कैसे काम करने की कोशिश करते हैं।

# सूर्यकुमार यादव का बयान, कहा– मुझे नेतृत्व करना अच्छा लगता है, अलग–अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा

सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग–अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चौंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। भारतीय टी20 टीम के नवनियुक्त कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि उन्होंने मैदान पर नेतृत्व करने का पूरा लुत्फ उठाया है तथा पिछले कई वर्षों में अलग–अलग कप्तानों की अगुवाई में खेलते हुए उन्होंने काफी कुछ सीखा है। भारतीय टीम के विश्व चौंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा ने सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उनकी जगह सूर्यकुमार को कप्तान ने किया गया। उन्हें हार्दिक पंड्या पर प्राथमिकता दी गई जिन्हें पहले टी20 टीम की कप्तानी का दावेदार माना जा रहा था। सूर्यकुमार कप्तान के रूप में अपनी शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला से करेंगे।मध्यक्रम के इस बल्लेबाज ने बीसीसीआई टीवी से कहां,''भले ही मैं कप्तान नहीं था लेकिन मैंने हमेशा मैदान पर नेतृत्वकर्ता की भूमिका का लुत्फ उठाया है। मैंने हमेशा अलग–अलग कप्तानों से काफी कुछ सीखा है। यह अच्छा एहसास और बड़ी जिम्मेदारी है।'' नए कप्तान सूर्यकुमार और नए मुख्य कोच गौतम गंभीर की मौजूदगी में भारतीय टी20 टीम नए दौर की शुरुआत करेगी। सूर्यकुमार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से 2014 में गंभीर की अगुवाई में इंडियन प्रीमियर लीग में खेल चुके हैं और इन दोनों के आपस में काफी अच्छे संबंध हैं। सूर्यकुमार ने कहा,''यह रिश्ता काफी खास है क्योंकि मैं 2014 में केकेआर की तरफ से उनके नेतृत्व में खेल चुका हूं। यह विशेष था क्योंकि वहीं से मुझे मौके मिले थे। हमारा रिश्ता अब भी मजबूत है।''उन्होंने कहा,''वह (गंभीर) जानते हैं कि मैं कैसे काम करता हूं और जब मैं अभ्यास सत्र में आता हूं तो मेरी मानसिकता क्या होती है। मैं यह भी जानता हूं कि वह कोच के रूप में कैसे काम करने की कोशिश करते हैं। यह सब हमारे बीच के प्यारे रिश्ते से जुड़ा है और मैं यह देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं कि यह कैसे आगे बढ़ता है।''सूर्यकुमार ने कहा कि एक कप्तान के रूप में वह विनम्र बने रहना चाहते हैं क्योंकि वह क्रिकेट को सिर्फ एक खेल के रूप में देखते हैं, न कि जीवन के रूप में।

# कान में इंफेक्शन होने पर दिखते हैं ये लक्षण, जानिए घर में वैक्स को क्लीन करने का सही तरीका

बारिश के दिनों में कान में खुजली, इंफेक्शन और पानी जाने से वैक्स फूलने का खतरा काफी बढ़ जाता है। ऐसे में जब आप कान को साफ करते हैं या वैक्स को निकलते हैं तो इससे कान में इंफेक्शन हो सकता है। वहीं कुछ लोग अक्सर नुकीली चीज जैसे चाभी, टूथपिक, माचिस की तीली से कान के अंदर सफाई करने लगते हैं। ये नुकीली चीजें कानों के पर्दे के डैमेज कर सकती हैं। जिससे आपके कान में दिक्कत हो सकती है। दरअसल कान में जमा वैक्स हमारे कानों को प्रोटेक्ट करने में मदद करती है। अगर वैक्स बहुत बढ़ गई है तो किसी डॉक्टर से जाकर निकलवा लें या खुद निकाल रहे हैं तो खास सावधानी बरतें। आइये जानते हैं कान की सफाई करनी चाहिए या नहीं और कर रहे हैं तो किन चीजों का इस्तेमाल बिलकुल न करें?कानों में वैक्स क्यों होता है?
आप जब भी कानों को



साफ करते है तो आप कान से वैक्स निकालते हैं, जो आपको लगता है कि जमा गंदगी है। लेकिन ये ईयर वैक्स होता है जो कानो को ड्राई होने से प्रोटेक्ट करता है। आपको बता दें इस वैक्स में एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टी होती हैं जो कान को अंदर से खुद ही साफ कर देती हैं। ये वैक्स कानों को बहुत सी परेशानियों से बचाता है।

' कान में वैक्स एक फिल्टर की तरह काम करता है जो आपके कानों को प्रोटेक्टेड रखता है।

' ये वैक्स आपके कानों को गंदगी, धूल आदि से बचाता है और उसे कानों के अंदर जाने से रोकता है।' जब आप कानों को साफ करने की कोशिश करते है तो कई बार इससे इन्फेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है।

' कई बार इंफेक्शन बढ़ने के कारण सुनाई देना भी बंद हो सकता है और कान अंदर से डैमेज हो सकता है।

कान में इंफेक्शन के लक्षण

' हमेशा कानों में दर्द होते रहना

' कान अक्सर भरा भरा सा लगना

' कभी कभी बिलकुल भी सुनाई न देना

' बिना किसी आवाज होने पर भी कानों में आवाज सुनाई देना

' कानो में हमेशा खुजली होना

' कानो से अजीब सी बदबू आनाक्या कानों की सफाई करनी चाहिए?डॉक्टर्स की मानें तो कभी भी खुद से कान की सफाई नहीं करनी चाहिए। अगर कभी वैक्स के कारण कान में भारीपन या भरा–भरा लग रहा है तो कानों को घर पर भी साफ कर सकते हैं। कई बार वैक्स बढ़ने और ब्लॉकेज होने पर कान से कम सुनाई देने लगता है। ऐसे में खुद से कान की सफाई बिल्कुल भी न करें।किस तरह से करें कानों को साफसबसे पहले एक साफ सूती कपडा ले लें। अब कानों में कोई बेबी ऑइल की कुछ बूंदें डालें और थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब कपड़े से धीरे–धीरे कानों में जमा एक्स्ट्रा वैक्स को नकालने की कोशिश करें।कान की सफाई करते वक्त इन चीजों का इस्तेमाल न करें धारदार चीजें

# कई बार पोछा लगाने पर भी नहीं साफ हो रहे दाग, तो अपनाएं ये टिप्स– हीरे जैसी चमकेगी टाइल्स

घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी मेहनत करते हैं, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं कमी रह जाती है. ऐसे में अधिकतर महिलाओं की यह शिकायत रहती है कि काफी कोशिश करने के बाद भी उनके घर की टाइल्स से दाग धब्बे निकलने का नाम ही नहीं लेते हैं. अगर आप भी इन जमे हुए दागों से परेशान हैं, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको ऐसी खास टिप्स बताएंगे, जिन्हें फॉलो कर आप दाग धब्बों को साफ कर सकते हैं और टाइल्स को चमकदार बना सकते हैं.

सफेद सिरके का करें इस्तेमाल

जब भी आप पोछा लगाएं, तो पीछे के पानी में एक ढक्कन सफेद सिरका डाल दें. यह एक नेचुरल एसिड है, जो कई तरह के दाग धब्बे हटाने में मदद करता है. इसके अलावा आप एक बोतल में थोड़ा सिरका और थोड़ा पानी मिलाकर भर दें. जहां पर ज्यादा दाग है वहां पर थोड़ा सिरके का पानी डालकर अच्छे कपड़े से उस जगह को पोंछ लें. ऐसा करने से फर्श से दाग साफ हो जाएगा.

बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट

इसके अलावा आप बेकिंग सोडा और पानी का पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को दाग वाली जगह पर लगाएं. कुछ मिनट तक लगा रहने दे, उसके बाद नम स्पंज या कपड़े की मदद से हल्के हाथों से रगड़े. थोड़ी देर बाद पानी से उस जगह को धो दें. इससे टाइल्स पर जमी गंदगी और दाग धब्बे दूर होंगे और टाइल्स चमकदार बनेगी.

नींबू के रस का इस्तेमाल

आप नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह नेचुरल क्लींजर माना गया है. आपको एक स्प्रे बोतल में नींबू का रस और थोड़ा पानी मिलाकर भरना है, फिर उस जगह पर स्प्रे करें, जहां पर ज्यादा दाग है. थोड़ी देर तक रुकने के बाद कपड़े से दाग को पोंछ लें. इससे फर्श क्लीन हो जाएगा.

रबड़ के दस्ताने पहनें

इसके अलावा बाजार में मिलने वाले कई प्रोडक्ट का आप इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे फर्श को आसानी से साफ किया जा सकता है. ध्यान रहे जब भी आप टाइल्स को साफ करें, तो हमेशा रबड़ के दस्ताने पहनें, नहीं तो आपके हाथों की चमड़ी निकलने लगेगी.



रोजाना एक टाइम पोछा जरूर लगाएं

कोशिश करें कि रोजाना एक टाइम पोछा जरूर लगाए. इससे ज्यादा गंदगी नहीं होगी और घर साफ–सुथरा दिखेगा. अगर गलती से कोई दाग छूट गया है, तो आप उसे तुरंत साफ कर दें. इससे आपको बाद में मेहनत नहीं करनी पड़ेगी.

# कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस पर छुआ 1100 करोड़ का आंकड़ा, फिल्म के नाम हुए ये रिकार्ड्स



साउथ सुपरस्टार प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर चार हफ्तों में 1100 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है. फिल्म ने 28वें दिन 1100 करोड़ रुपये के आंकड़े को छुआ है. इसी के साथ कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा और साउथ सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. कल्कि 2898 एडी शाहरुख खान की पठान का घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाी का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ चुकी है और अब इसकी नजर जवान के घरेलू और वर्ल्डवाइड कमाई के रिकॉर्ड पर है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अपने पांचवें हफ्ते में एंटर कर चुकी है और अभी भी करोड़ों की फिगर में कमाई कर रही हैं. बता दें, कल्कि 2898 एडी बीती 27 जून को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी.कल्कि 2898 एडी के मेकर्स ने आज 25 जून को फिल्म की चार हफ्तों की कमाई का ब्योरा दिया है. फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर पूरे 1100 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैकनिल्क के अनुसार कल्कि ने 28वें दिन 1.60 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. इसी के साथ उनकी घरेलू कलेक्शन 622.10 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 1100 करोड़ रुपये हो चुका है. वहीं, कल्कि 2898 एडी अब जवान के घरेलू कलेक्शन 640 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1148 करोड़ रुपये को बीट करने के नजदीक है.वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये की कमाई कर कल्कि 2898

एडी इंडियन सिनेमा की छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है.बाहुबली 2 (1810.59 करोड़ रुपये) के बाद कल्कि 2898 एडी प्रभास की दूसरी फिल्म बनी है, जिसने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

# अक्षय कुमार स्टारर खेल खेल में का मोशन पोस्टर आया सामने, स्त्री 2 और वेदा के साथ होगा बड़े पर्दे पर क्लैश

इस साल स्वतंत्रता दिवस पर सिनेमाघरों में खूब हुड़दंग मचने वाला है। एक साथ तीन अलग–अलग जॉनर की फिल्में रिलीज हो रही हैं। हॉरर कॉमेडी स्त्री 2 और एक्शन थ्रिलर वेदा के साथ बड़े पर्दे पर अपनी पलटन के साथ अक्षय कुमार भी उतरने के लिए एकदम तैयार हैं और वो भी एक अलग अवतार में।2024 में अक्षय कुमार की दो फिल्में रिलीज हुईं। अप्रैल में अभिनेता ने बड़े मियां छोटे मियां में अपना इंटेंस एक्शन दिखाया, फिर जुलाई में बायोपिक सरफिरा बनकर उन्होंने दिखाया कि जिद के साथ सफलता कैसे मिलती है। बायोपिक और एक्शन थ्रिलर के बाद अब अक्षय कुमार दर्शकों के पेट में गुदगुदी करने आ रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म खेल खेल में अगस्त महीने में दस्तक दे रही है।कुछ महीने पहले ही अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में की अनाउंसमेंट कर दी थी। अब फिल्म का पहला ऑफिशियल मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की सभी कास्ट के साथ एक दमदार पोस्टर जारी हुआ है, जिसमें अक्षय एक अलग अवतार में नजर आ रहे हैं। उनका लुक देख लगता है कि वह बूढ़े शख्स का किरदार निभाएंगे।

पोस्टर में उनके बाल लगभग सफेद हैं।पोस्टर के साथ अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा है, यारों वाला खेल... यारी वाली पिक्चर।



बैंड बाजे के माहौल में... बैंड बजाने वाली पिक्चर। साल की सबसे बड़ी फैमिली एंटरटेनर को बोलो हाय। कॉमेडी ड्रामा खेल खेल में 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म खेल खेल में अक्षय कुमार के साथ तापसी पन्नू, फरदीन खान, वाणी कपूर, प्रज्ञा जायसवाल, आदित्य सील और एमी विर्क जैसे कलाकार नजर आएंगे। बड़े पर्दे पर फरदीन 14 साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। मई में उन्होंने ओटीटी सीरीज हीरामंडी से कमबैक किया था।

# किरण अब्बावरम की पैन-इंडिया फिल्म केए का टीजर हुआ रिलीज, दमदार संगीत और विजुअल्स ने खींचा ध्यान

साउथ अभिनेता किरण अब्बवरम की आगामी पैन–इंडिया फिल्म केए का टीजर आज रिलीज हो गया है. टीजर में दमदार संगीत और आकर्षक विजुअल्स दर्शकों का ध्यान खींच रहे हैं. फिल्म का निर्देशन सुजीत और संदीप की जोड़ी द्वारा किया गया है, जिन्होंने इससे पहले भी कई सफल फिल्मों का निर्देशन किया है. फिल्म का निर्माण चिन्टा गोपाल कृष्णा रेड्डी द्वारा श्री चक्रास एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले किया गया है. टीजर में किरण द्वारा निभाए गए एक डाकिया के इर्द–गिर्द एक अनूठी कहानी दिखाई गई है, जिसकी एक अजीब आदत है – वह दूसरों के लिए लिखे गए पत्रों को पढ़ता है। यह दिखने में हानिरहित लगने वाला काम संदिग्ध और तीव्र गतिविधियों की एक श्रृंखला की ओर ले जाता है, जो दर्शकों को मोहित कर देता है और उन्हें और अधिक देखने की इच्छा होती है। तकनीकी रूप से टीजर प्रभावशाली है, जो एक आकर्षक फिल्म होने का वादा करता है। किरण के किरदार पर ध्यान केंद्रित करना स्पष्ट है, जो उसकी यात्रा के लिए रहस्य और प्रत्याशा की भावना पैदा करता है।निर्देशक सुजीत और संदीप ने कुशलता से दर्शकों को बांधे रखा है, जिससे वे फिल्म के रहस्यों को जानने के लिए उत्सुक हैं। चिंता गोपाल कृष्ण रेड्डी के प्रोडक्शन वेंचर, केए में किरण की पत्नी, रायस्या गोरक भी भागीदार के रूप में हैं। सैम सीएस द्वारा फिल्म का बैकग्राउंड स्कोर पूरी तरह से कथा को पूरक बनाता है, जो सस्पेंस भरे माहौल को बढ़ाता है। केए के लिए योजनाबद्ध अखिल भारतीय रिलीज से पता चलता है कि फिल्म व्यापक दर्शकों तक पहुँचने की महत्वाकांक्षा रखती है। अपने आकर्षक आधार, सम्मोहक दृश्यों और दमदार अभिनय के साथ, केए किरण अब्बावरम के लिए एक आशाजनक परियोजना बनने के लिए तैयार है, जो संभावित रूप से उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगी।

# फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर जारी, 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार 2023 में शाहरुख खान के साथ फिल्म डंकी में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई।आने वाले दिनों में तापसी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी।इस फिल्म में विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगे।अब निर्माताओं ने फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। पोस्टर में तापसी, विक्रांत और सनी की तिगड़ी देखने को मिल रही है। यह फिल्म 9 अगस्त, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, खून को मिटाये ये बारिश, यही है इस कातिलाना इश्क की गुजारिश।फिर आई हसीन दिलरुबा 2021 में आई फिल्म हसीन दिलरुबा का सीक्वल है, जिसमें तापसी के साथ विक्रांत और अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने अभिनय किया था।फिल्म को दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। बता दें कि इस फिल्म के पहले पार्ट में तापसी पन्नू ने रानी का किरदार निभाया हैं और विक्रांत मैसी ऋषभ सक्सेना उनके पति की भूमिका में होते हैं. हसीन दिलरुबा विनी मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित है. इसके अलावा तापसी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अगली बार अपनी कॉमेडी ड्रामा फिल्म वो लड़की है कहां में नजर आने वाली हैं. फिल्म में उनके साथ प्रतीक बब्बर और प्रतीक गांधी भी नजर आएंगे. फिल्म अरशद सैयद द्वारा लिखित और निर्देशित है.



# बाबी देवल सैफअली खान बनेंगे खलनायक, जानवी कपूर ने मचाया तहलका

स्त्री 2 का पहला ट्रैक जिसमें तमन्ना भाटिया हैं, 24 जुलाई को रिलीज किया गया था। सोशल मीडिया पर प्रशंसक इस डांस नंबर को लेकर बंटे हुए हैं। जहां एक तरफ फिल्म प्रेमियों के एक वर्ग ने तमन्ना की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके मूव्स की तारीफ की है। स्त्री 2 का पहला ट्रैक जिसमें तमन्ना भाटिया हैं, 24 जुलाई को रिलीज किया गया था। सोशल मीडिया पर प्रशंसक इस डांस नंबर को लेकर बंटे हुए हैं। जहां एक तरफ फिल्म प्रेमियों के एक वर्ग ने तमन्ना की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके मूव्स की तारीफ की



है, वहीं कुछ ने इसकी तुलना स्त्री (2018) में नोरा फतेही के कमरिया से की है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने के बाद, अभिनेत्री श्वेता तिवारी करण जौहर के साथ काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कसौटी जिंदगी की अभिनेत्री ने न्यूज18 शोशा से बातचीत में धर्मा प्रोडक्शंस के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में बताया और कहा, श्मैं धर्मा प्रोडक्शंस की आने वाली वेब सीरीज कर रही हूं। उसमें मैं एक डॉन जैसा किरदार निभा रही हूं जो साड़ी पहनती है और सिगरेट पीती है (हंसते हुए)। यह एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण भूमिका थी और इसलिए मैं इसे करना चाहती थी।

# टालीवुड में काम करना समृद्ध अनुभव रहा प्रिशा सिंह


प्रिशा सिंह, अल्लू सिरीश अभिनीत आगामी तेलुगु फिल्म बडी में मुख्य भूमिका में टॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। सैम एंटोन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेत्री एक एयर होस्टेस की भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर को पाने के बारे में बात करते हुए प्रिशा कहती हैं कि उनके पोर्टफोलियो की तस्वीरें देखने के बाद फिल्म निर्माताओं ने उन्हें चुना। जब यह भूमिका उनके पास आई तो अभिनेत्री को शुरू में थोड़ी हैरानी हुई। मुझे पूरा भरोसा नहीं था कि मैं यह भूमिका निभा पाऊंगी या नहीं, क्योंकि इस भूमिका के लिए अलग व्यक्तित्व और व्यवहार पैटर्न की आवश्यकता थी। इसलिए मुझे थोड़ी तैयारी करनी पड़ी – बहुत सारी एयर होस्टेस,



उनकी बॉडी लैंग्वेज, उनके चलने और बात करने के तरीके आदि को देखना पड़ा। निर्देशक ने भी मुझे कुछ संदर्भ दिए और इन सबसे मुझे किरदार को अच्छी तरह समझने में मदद मिली, प्रिशा ने बताया। अभिनेत्री का कहना है कि टॉलीवुड में काम करना एक समृद्ध अनुभव रहा है। वह प्रभावशाली भूमिकाएँ करने के लिए उत्सुक हैं, जो उन्हें अभिनय कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करें। प्रिशा को वन्यजीव फोटोग्राफी के प्रति अपने जुनून के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर वाइल्ड लाइफ एक्सपीडिशन से कई तस्वीरें शेयर की हैं। वह एक वन्यजीव उत्साही हैं, जिन्हें सफारी पर जाना और पलों को कैद करना बहुत पसंद है और अब तक वह कुछ वन्यजीव अभियानों में जा चुकी हैं। प्रिशा कहती हैं, मुझे अपने जुनून के लिए वनस्पतियों और जीवों को कैद करना और सफारी करना पसंद है। मेरे लिए, फोटोग्राफी का मतलब सिर्फ जानवरों और वन्यजीवों को कैद करना नहीं है, बल्कि पलों और भावनाओं को उनके शुद्धतम रूप में कैद करना है। जब मैं उन कैप्चर को देखती हूँ, तो मुझे पुरानी यादें ताजा हो जाती हैं और मुझे संतुष्टि और गहन अनुभव का एहसास होता है। जंगल के साथ अपनी मुलाकात के जरिए, प्रिशा ने प्राकृतिक दुनिया के अजूबों के लिए गहरी प्रशंसा भी प्रेरित की। वह कहती हैं, हर कैप्चर में बताने के लिए एक दिलचस्प कहानी होती है, उन्होंने आगे कहा कि वन्यजीव फोटोग्राफी ने उनके अभिनय कौशल को भी निखारा है। इसने मुझे कैमरे को और बेहतर तरीके से अपनाने के लिए प्रेरित किया।

# बाक्स आफिस पर फिल्म बैड न्यूज ने पार किया 40 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म बैड न्यूज को सिनेमाघरों में रिलीज का एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।भले ही फिल्म की कहानी में कोई दम नहीं है, लेकिन विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।अब बैड न्यूज ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। अब बैड न्यूज की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली गिरावट देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, छठे दिन यानी बुधवार को इस फिल्म ने 3.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 40.20 करोड़ रुपये हो गया है।बता दें बैड न्यूज की एक टिकट पर दूसरी बिल्कुल मुफ्त मिल रही है। टिकट बुक करने के लिए आपको बैड न्यूज कोड का इस्तेमाल करना होगा। बैड न्यूजश् सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की सरफिरा, कमल हासन की इंडियन 2 और प्रभास स्टारर श्कल्कि 2898 एडीश् को धोते हुए अच्छी कमाई कर रही है. हालांकि विक्की कौशल स्टारर फिल्म के कलेक्शन में गिरावट भी देखी जा रही है बावजूद इसके श्बैड न्यूजश् ने रिलीज के 6 दिनों में अपना आधा बजट लगभग वसूल कर लिया है. बता दें कि ये फिल्म 80 करोड़ की



लागत से बनी बताई जा रही है. श्बैड न्यूजश् में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क ने अहम किरदार निभाया है. फिल्म में विक्की कौशल अखिल चड्ढा, तृप्ति डिमरी सलोनी बग्गा और एमी विर्क गुरबीर सिंह पन्नू के किरदार में हैं. फिल्म तीनों के बीच लव ट्रायंगल दिखाया गया है. तृप्ति का किरदार सलोनी ट्विंस बच्चों की मां बनने वाली है और उसे श्योर नहीं है कि उसके बच्चे का पिता कौन हैं. वहीं पैटरनिटी टेस्ट के बाद पता चलता है कि अखिल (विक्की कौशल) और गुरबीर (एमी विर्क) दोनों ही सलोनी के होने वाले बच्चों के पिता हैं. फिल्म में अनन्या पांडे, नेहा शर्मा और गजराज राव ने स्पेशल कैमियो किया है.

# आरेंज सिंपल साड़ी में राशि खन्ना ने ढाया कहर, हर तस्वीर में दिखीं खूबसूरत

बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपने एथनिक लुक से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। उनका हर एक अंदाज इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर तेजी से वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में उनकी बोल्डनेस देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं।



एक्ट्रेस राशि खन्ना किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनके एथनिक लुक ने एक बार फिर से फैंस के बीच कहर बरपा दिया है।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना ने ऑरेंज कलर की सिंपल सी साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं।बालों में गजरा, मांगटीका, माथे पर बींदी, हाथों में कंगन और साथ ही पर्स पकड़े हुए एक्ट्रेस राशि खन्ना ने प्यारी सी स्माइल देते हुए अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।राशि खन्ना जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना को पोस्ट शेयर किए कुछ समय हुआ है और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिया है।राशि खन्ना सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आती हैं फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

# रक्षित अटलूरी की फिल्म आपरेशन रावण की दमदार पोस्टर के साथ रिलीज डेट की घोषणा

आगामी फिल्म ऑपरेशन रावण में रक्षित अतलुरी और राधिका सरथ कुमार मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण ध्यान अतलुरी ने नए जमाने की सस्पेंस थ्रिलर के रूप में किया है और इसका निर्देशन वेंकट सत्या ने किया है। संगीर्थना विपिन नायिका की भूमिका निभा रही हैं।यह फिल्म एक द्विभाषी साइको थ्रिलर है। निर्माताओं ने आज घोषणा की है कि फिल्म ऑपरेशन रावण, जिसने अपने सभी कार्यक्रम पूरे कर लिए हैं, 2 अगस्त को तेलुगु और तमिल में दुनिया भर में भव्य रूप से रिलीज होगी।

ऑपरेशन रावण की रिलीज डेट की घोषणा के दौरान जारी किए गए पोस्टर का शीर्षक था ए साइको स्टोरी। हीरो रक्षित अतलुरी के साथ एक्शन सीक्वेंस वाला यह पोस्टर दिलचस्पी जगा रहा है। राधिका सरथ कुमार, चरण राज और तमिल अभिनेता विद्या सागर फिल्म ऑपरेशन रावण में अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभा रहे हैं। फिल्म की टीम इसकी सफलता को लेकर आश्वस्त है।

# स्त्री 2 तमन्ना भाटीयां का नया गाना नहीं आया फैंस को पसंद,

स्त्री 2 का पहला ट्रैक जिसमें तमन्ना भाटिया हैं, 24 जुलाई को रिलीज किया गया। सोशल मीडिया पर प्रशंसक इस डांस नंबर को लेकर बंटे हुए हैं। जहां एक तरफ फिल्म प्रेमियों के एक वर्ग ने तमन्ना की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके मूव्स की तारीफ की है, कुछ ने इसकी तुलना स्त्री में नोरा फतेही के श्कमरियाश् से की है। स्त्री 2 का पहला ट्रैक जिसमें तमन्ना भाटिया हैं, 24 जुलाई को रिलीज किया गया था।



सोशल मीडिया पर प्रशंसक इस डांस नंबर को लेकर बंटे हुए हैं। जहां एक तरफ फिल्म प्रेमियों के एक वर्ग ने तमन्ना की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके मूव्स की तारीफ की है, वहीं कुछ ने इसकी तुलना स्त्री (2018) में नोरा फतेही के श्कमरियाश् से की है।स्त्री 2 में तमन्ना भाटिया ने स्टेज पर धमाल मचा दिया इस गाने की शुरुआत तमन्ना के स्टेज परफॉर्मेंस के लिए तैयार होने से होती है, जबकि राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी उन्हें घूरते हैं। जैसे ही तमन्ना धीमे कव्वाली संगीत पर डांस करती हैं, गाना अपनी गति पकड़ लेता है। बाद में राजकुमार, पंकज, अपारशक्ति और अभिषेक भी उनके साथ शामिल हो जाते हैं और वे मनमोहक डांस से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।तमन्ना और मैडॉक फिल्म्स ने एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में इस गाने को शेयर किया और इसे कैप्शन दिया, "रुआज की रात होगी तबाह की रात! (भूत, विस्फोट और दिल के आकार की आंख वाली इमोजी)।" फातिमा सना शेख ने टिप्पणी की, "हॉटी।"नोरा फतेही के प्रशंसक आज की रात से निराशएक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की, "स्त्री से कमरिया की तुलना में कुछ भी नहीं।" एक अन्य उपयोगकर्ता ने लिखा, "सबसे बेकार गाना।"

# मुख्य विकास अधिकारी ने इटवा के करहि में बन रहे सी सी रोड का किया निरीक्षण,संबंधित विभाग को दिया निर्देश।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
जिले में जब से नए जिलाधिकारी का आगमन हुआ है तब से जिले के सभी विभागों के अधिकारी मैदान में नजर आने लगे है अभी तक अधिकारियों की शिथिल और निष्क्रिय कार्यशैली से लोगो को इस बात का अंदाजा था कि अगर हम समस्या किसी बड़े अधिकारी के पास लेकर जाएंगे तो सुनवाई होने में वर्षो बीत जाएंगे अभी तक कार्य केवल कागजो में पूर्ण होता आया लेकिन धरातल पर कार्य उतर ही नही कही कार्य हो भी रहा है तो मानक के विपरीत और भ्रष्टाचार के गर्त में लेकिन नए जिलाधिकारी के आने से मोटी रकम लेकर कार्य मानक विहीन कार्य करने वालो की कुंडली खुलना शुरू हो गया है अभी तक अधिकारी और कर्मचारी अपने दफ्तर में बैठकर कार्यो को कागजो में



अंजाम देते रहे लेकिन जिकाधिकारी ने खुद जमीन पर उतर कर कार्य करना शुरू किया तब अन्य विभागों के अधिकारी भी मैदान में नजर आ रहे है अपने पद और कार्य की पहचान जिलाधिकारी ने करवा कर विभागों में इस बात का माहौल बना दिया कि सभी अपने कर्तव्यों का पालन करे नही तो कार्यवाही होना तय है इसी कड़ी में आज मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) योजना के अंर्तगत वित्तीय वर्ष 2023.24 विधान सभा इटवा के अन्तर्गत स्वीकृत ग्राम करही खास से ग्राम बरगदवा तक 550 मीटर सी.सी. निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया सी.सी. निर्माण कार्य पूर्ण है सी.सी. के साईड पटरी का निर्माण कार्य कराया जाना शेष है कार्यदाई संस्था यूपी सिडको को सी.सी. रोड पर मिली कमियां को ठीक कराते हुए पटरी का कार्य कराने का निर्देश दिया गया

# महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र नई किरण में दो परिवारों को बिखरने से बचाया

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र नई–किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल) कार्यक्रम के तहत महिला थाना द्वारा 2 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवार को बिखरने से बचाया गया महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन में 4 पत्रावली प्रस्तुत हुई जिसमें परामर्श के बाद 2 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 2 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 2 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है




2परिवार को बिखरने से बचाने में महिला थानाध्यक्ष महिला शाइस्ता, उप निरीक्षक सुरेश प्रसाद महिला हेड कांस्टेबल सविता सिंह, महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी, का0 नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा निस्तारित मामलो में अनिसुन्निसा पत्नी मैनुद्दीन निवासी भरवलिया पोस्ट कराई थाना गोल्हौरा एव रुखसाना पत्नी सलमान रजा साकिन पकड़ीहवा थाना ढेबरूआ सिद्धार्थनगर को परिवार परामर्श के अनुसार बिखरने से बचाया गया इस कार्यक्रम और कार्यशैली पर महिला थाना अध्यक्ष
शाइस्ता ने कहा कि मेरी और मेरी सहयोगी कर्मचारी का ये प्रयास रहता है कि हमारे पास आये समस्या का निस्तारण किया जाए हमारी कोशिश रहती है कि कोई परिवार विखरे नही छोटी मोटी समस्या हर घर मे होती है
उन समस्या को बैठकर समझा जाये और उसका हल निकाला जाए जिससे परिवार में हंसी खुसी का माहौल हो और सभी लोग खुशी और सुख से जीवन का निर्वहन करे।

# ग्राम सभा हडकौली एवं पिपरहवा में ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

## ग्रामीणों की समस्या सुन उसके निस्तारण का दिया आश्वासन।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
शासन द्वारा चलाई जा रही लाभकारी एवं जनकल्याणकारी योजनों का लाभ लोगो को देने के लिए सरकार की तरफ से कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो को ग्राम सभा मे ही सरकारी योजना का लाभ मिल सके इसके लिए सरकार ने जिले के सभी विकास खंडो में माह के हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है इस चौपाल में विकास खंड और कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी प्रतिभाग करते है और ग्रामीणों की समस्या सुनकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आगे रहते है इसी कड़ी में आज विकास खण्ड जोगिया के ग्राम पंचायत हडकौली व पिपरहवा में ग्राम स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया चौपाल में सहायक विकास अधिकारी आई एस बी और ग्राम सचिव परमात्मा यादव,ग्राम प्रधान नसीम एवं अन्य ग्रामवासी सहित विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे चौपाल में भारत सरकार एवम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति तथा लाभार्थी का प्रमाणीकरण करते हुए ग्रामवासियों की समस्या को सुना गया वृद्धा पेंशन एवं निराश्रित महिला सहायता पेंशन की जानकारी एवं समस्या को सुना गया ग्राम सभा मे खाद्यान्न और राशन कार्ड से संबंधित समस्या के निवारण के लिए पूर्ति विभाग को निर्देशित किया गया और ग्रामीणों को उनकी समस्या के निस्तारण के लिए आश्वाशन दिया गया। वही पिपरहवा में सहायक विकास अधिकारी पंचायत ओम प्रकाश चौधरी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्या सुनी सहायक विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान मनमोहन से ग्राम सभा के विकास की जानकारी ली सहायक विकास अधिकारी ने सभी योजनाओं के लाभार्थियों का नया आवेदन कराने तथा पुराने में केवाईसी कराने का निर्देश दिया ग्राम सभा में साफ सफाई एवं स्कूलों में सफाई शौचालय के बारे जानकारी ली गई और तत्काल सही करवाने के निर्देश दिए चौपाल में ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि व्यक्तिगत शौचालय, आंगनबाड़ी व आशा बहन द्वारा संचारी रोग अभियान में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का सत्यापन किया जाए इस मौके पर दोनो चौपाल में ब्लॉक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल कार्यक्रम में किया प्रतिभाग, ग्राम सभा और स्कूलों का किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विकास खण्ड मिठवल के ग्राम पंचायत बाजारडीह में ग्राम स्तरीय चौपाल में प्रतिभाग किया गया चौपाल में सौरभ पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी मिठवल, अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिलौली, खण्ड शिक्षा अधिकारी, मिठवल , ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं अन्य ग्रामवासी सहित विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे चौपाल में भारत सरकार एवम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित सभी लाभकारी व जनकल्याणकारी योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति तथा लाभार्थी का प्रमाणीकरण करते हुए ग्रामवासियों की समस्या को सुना गया कलावती द्वारा वृद्धा पेंशन एवं सुमित्रा को निराश्रित महिला सहायता पेंशन एवं राजाराम द्वारा वृद्धा पेंशन नही मिलने की शिकायत किया गया। ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि आज पंचायत भवन पर कैम्प लगाकर पेंशन सहित




सभी योजनाओं के लाभार्थियों का नया आवेदन कराने तथा पुराने में केवाईसी कराने के निर्देश दिया गया। ग्राम भ्रमण में साफ सफाई सन्तोषजनक नही पाया गया। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि एक ही सफाई कर्मी तैनात होने के कारण सफाई कार्य नही हो पा रहा है। एडीओ पंचायत को निर्देशित किया गया कि रोस्टर बनाके उसके अनुसार सफाई कार्य कराना सुनिश्चित करें विद्यालय परिसर में निर्मित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया गया शौचालय में पानी नहीं आ रहा था बालक शौचालय बन्द पाया गया ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि तत्काल खुलवाकर संचालित करें सामुदायिक शौचालय की नियमित सफाई करावें चौपाल के उपरान्त ग्राम में भ्रमण करते हुए व्यक्तिगत शौचालय, आंगनबाड़ी व आशा बहन द्वारा संचारी रोग अभियान में ग्राम भ्रमण एवं अभियान में अन्य क्रियाकलाप का अवलोकन किया गया गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का सत्यापन किया गया ग्राम सभा के टोला फुलवरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत कराये गये इण्टरलॉकिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिया गया।

# उचित दर विक्रेता की दो दुकानों पर दर्ज हुई प्रथम सूचना रिपोर्ट।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
उचित दर विक्रेता श्री शिवप्रकाश सिंह ग्राम पंचायत इमिलिया, विकास खण्ड व तहसील इटवा तथा उचित दर विक्रेता श्री धर्मेंद्र कुमार, ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद, व सम्बद्ध ग्राम पंचायत मटियार उर्फ भुतहवा, विकास खण्ड बढ़नी, तहसील शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के दो उचित दर विक्रेता द्वारा वितरण में की जा रही अनियमितता की प्राप्त शिकायत के कम में ग्राम पंचायत खैरी शीतल प्रसाद के विक्रेता की जॉच श्री सतीश चन्द्र, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा की गयी। जॉच में पाया गया कि विक्रेता द्वारा माह जुलाई 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया और न ही उसकी दुकान से सम्बद्ध ग्राम पंचायत मटियार उर्फ भुतहवा के खाद्यान्न का भी वितरण नहीं किया गया, जब कि विक्रेता द्वारा ई–पॉस मशीन पर अंगूठा लगवा लिया गया, जॉच के समय विक्रेता के दुकान पर माह जुलाई 2024 हेतु आवंटित खाद्यान्न व पूर्व माहो में वितरण के उपरान्त अवशेष स्टॉक 73.23 कु0 गेहू व 110.56 कु० चावल नहीं पाया गया। इसी प्रकार उचित दर विक्रेता श्री शिवप्रकाश सिंह, ग्राम पंचायत इमिलिया की शिकायत तहसील दिवस में जिलाधिकारी महोदय को प्राप्त होने पर उनके द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जॉच उपजिलाधिकारी न्यायिक श्री मनोज कुमार, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी श्री विजय प्रकाश सहाय व पूर्ति निरीक्षक श्री मुकेश कुमार की संयुक्त टीम से करायी गयी। जॉच में पाया गया कि उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारकों का मशीन पर अंगूठा लगवा लिया गया किन्तु खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया। विक्रेता की दुकान में रखे खाद्यान्न के स्टॉक के भौतिक सत्यापन में 28.00 कु० खाद्यान्न कम पाया गया दोनो उचित दर विक्रेताओं पर जिलाधिकारी महोदय की अनुमति के क्रम में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दोनो उचित दर विक्रेताओं पर सम्बन्धित थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करा दिया गयाइस बात की जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दिया गया है।

# एक ट्रक समेत 70 पेटी अवैध शराब बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार

ब्यूरो देवरिया
गौरीबाजार देवरिया। गौरीबाजार पुलिस को सूचना मिली की बरारी मोड़ के पास से एक अदद 10 चक्का ट्रक वाहन सं0 ठत 01 GB 5172 से अवैध शराब बिहार को जा रहा है, गौरीबाजार पुलिस द्वारा जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी किया गया कुछ देर बाद गौरीबाजार की ओर एक ट्रक आते दिखाई दिया. ट्रक को पुलिस द्वारा रोका गया तब ट्रक के चालक अपने गाड़ी को छोड़कर भागने लगे जिसे उपस्थित उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक दीपक पटेल द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया, जब ट्रक की जाँच की गई तो चालक केबिन के अन्दर ऊपर अलग से रैक बनाकर उसमें छिपाकर रखी गयी कुल 70 पेटी अंग्रेजी शराब जिसमें 50 पेटी आफिसर च्वाइस व 20 पेटी 8 पीएम अंग्रेजी शराब को बरामद हुआ 2 अभियुक्तों क्रमशः जितेन्द्र कुमार राठौर पुत्र ददन राठौर निवासी पचरुखिया कला थाना कोईलवर जिला आरा (भोजपुर) बिहार,व अवध राय पुत्र हरिलाल राय निवासी सब्बलपुर थाना सोनपुर जिला छपरा (सारन) बिहार को गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस



टीम द्वारा अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अंग्रेजी शराब व ट्रक वाहन को कब्जें में ले लिया गया द्य उक्त कार्यवाही में गौरी बाजार देवरिया कांस्टेबल महेंद्र कुमार, अमन अग्रहरि,रितेश राजभर,पंकज जयसवाल,प्रदीप कुमार,सुजीत कुमार की अहम भूमिका रही

# अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति होगी चिह्नित प्रयागराज पहुंची बरेली पुलिस

प्रयागराज(आरएनएस)। माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए बिथरी चौनपुर पुलिस प्रयागराज पहुंच गई है। पुलिस प्रयागराज में संबंधित विभागों से दस्तावेज खंगालेगी। उसके बाद सद्दाम की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सद्दाम मौजूदा समय में बदायूं की जिला जेल में बंद है।माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। बिथरी चौनपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा रणधीर कुमार प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। वह पुलिस–प्रशासन की मदद से सद्दाम की संपत्ति चिह्नित कर बरेली आकर रिपोर्ट सौंपेगे।माफिया अशरफ जब जिला जेल में बंद था, तब उस समय सद्दाम ने जेल में सारी सुविधा मुहैया कराई थीं और प्रयागराज के उमेशपाल हत्याकांड के शूटरों से भी अशरफ की मुलाकात कराई थी। इस मामले में थाना बिथरी चौनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सद्दाम ने अशरफ के दम पर बरेली में पूरा नेटवर्क खड़ा किया था।सद्दाम को सितंबर 2023 में दिल्ली से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर बिथरी पुलिस को सौंपा था। कुछ दिनों में उसकी जेल बदल दी गई थी। इससे पहले प्रयागराज पुलिस ने सद्दाम की पांच संपत्तियों को चिह्नित की थीं, इनमें एक लग्जरी कार और चार जमीनें हैं, जो हटवा और आसपास के इलाकों में स्थित हैं। पुलिस को गाड़ी से संबंधित विवरण मिल गया है, जबकि जमीनों के संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सद्दाम पर 1 मार्च को गैंगस्टर लगाया गया था। उसके गैंग में 11 लोग शामिल हैं। इस गैंग में सद्दाम के अलावा प्रयागराज के एक आतिन जफर का नाम भी शामिल है। आतिन उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य शूटर और अतीक अहमद के बेटे असद का दोस्त है। असद को भगाने में और बरेली जेल में अवैध तरीके से अशरफ से मुलाकात करने वालों में आतिन भी शामिल था। वह चकिया निवासी जफरुल्लाह का बेटा है, जो देवरिया जेल कांड में अतीक के बेटे उमर के साथ लखनऊ जेल में निरुद्ध है। वह मौजूद समय में रामपुर जेल में बंद है।


# नवाब नन्हे की कोठी से निकाला गया जुलूस ए आबिद ए बीमार

प्रयागराज(आरएनएस)। चौथे इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम की शहादत पर रानी मंडी स्थित नवाब नन्हे की कोठी से जुलूस ए आबिद ए बीमार निकाला गया।अमजद अली पप्पू की सरपरस्ती में निकाले गए जुलूस में अन्जुमन शब्बीरीया रानी मंडी, अन्जुमन हैदरी दरीयाबाद, अन्जुमन गुन्चा ए कासिमया बख्शी बाजार, अन्जुमन अब्बासिया रानी मंडी के नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस को इमामबाड़ा मीर हुसैनी पर पहुंच कर खत्म किया। जुलूस से पूर्व खतीब ए अहलेबैत हसन अली ने गमगीन मसायब पढ़े। जुलूस के सरपरस्त मुख्तार हुसैन भैय्यू , सेक्रेटरी जफर अब्बास रिजवी कौनैन, जनरल सेक्रेटरी मुजफ्फर अब्बास नजमी, सद्र सलमान हैदर व डॉ हसन काजमी,क्षनायब सद्र असगर अब्बास व शाहिद अब्बास रिजवी, अमजद अली पप्पू, असद अली, अब्बास अली, आबिद अली, अकबर अली ने जुलूस को सम्पन्न कराने में सहयोग किया। जुलूस में शबीहे ताबूत व जुलजनाह की शबीह भी साथ साथ रही जिस पर अकधेदतमंदों ने फूल माला चढ़ा कर बोसा लिया और मन्नते व मुरादें मांगी।वहीं रानी मंडी इमामबाड़ा स्व हुसैन अब्बास रिजवी (कल्लू भाई)में अब्बास गुड्डू की ओर से सालाना मजलिस ए तरहीम में रजा इस्माइल सफवी ने सोजख्वानी की तो मौलाना सैय्यद जौहर अब्बास ने शहादत का मार्मिक अन्दाज में वर्णन किया तो इमाम हुसैन के चाहने वालों की आंखें भर आईं। अन्जुमन मुहाफिजे अजान कध्दीम के नौहाख्वान गुलाम अब्बास नकवी व अन्य लोगों ने गमगीन नौहा पढ़ा। इसी क्रम में बैदन टोला स्थित रजा मंजिल में मेंहदी रजा की ओर से सालाना मजलिस ए अजा का आयोजन किया गया जिसमें फैज जाफरी ने सोजख्वानी तो मौलाना सैय्यद जवादुल हैदर रिजवी साहब कध्बिला ने मजलिस को खिताब किया। अन्जुमन गुन्चा ए कधसिमया बख्शी बाजार ने नौहों और मातम का नजराना पेश किया।

# श्री शनि सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में होगा भव्य भागवत कथा का आयोजन

## 29 जुलाई से होगा प्रारंभ,सुश्री अंजलि द्विवेदी होगी कथावाचक

ब्यूरो देवरिया
देवरिया। श्री शनि सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर द्वारा 29 जुलाई से 5 अगस्त तक साय 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्री शनि सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर गरुड़पार देवरिया के प्रांगण में किया जाएगा। मंदिर के व्यवस्थापक पंडित रमेश दुबे जी ने बताया की भागवत कथा का वाचन करने के लिए सुश्री अंजलि द्विवेदी अयोध्या धाम से विशेष रूप से पधार रहीं हैं, जो भागवत में छिपे हुए आध्यात्मिक रहस्यों को संगत के सामने प्रकट करेंगी। कथा के उपलक्ष्य में 28 जुलाई को सुबह 7 बजे श्री शनि सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर प्रांगण से मंगल कलश यात्रा धूमधाम से निकाली



जाएगी।पंडित रमेश दुबे जी ने बताया नगर वासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं मौसम को ध्यान में रखते हुए वाटरप्रूफ टेंट लगाया गया है। पंडित रमेश दुबे ने बताया कि कथा के उपलक्ष्य में कथा स्थल पर एक बैठक रखी गई। जिसमें मंदिर पुजारी लल्लन गिरी,भाजपा नेता विजय पटेल,भाजपा नेता अनिल गुप्ता, समाज सेवी हिमांशु सिंह, मुरारी वर्मा, शिरीष पांडे, संतोष गुप्ता,ऋषिकेश दुबे, लोकेश दुबे, राजेश श्रीवास्तव,पूर्व सभासद राजन शर्मा,अमरु मणि,राजू बाबा,विश्वामित्र जी ने शामिल होकर कथा की व्यवस्था को लेकर चर्चा की।
पंडित रमेश दुबे जी ने सभी नगर वासियों को कथा में पहुंचने के लिए आहवान किया।

# उदयभान करवरिया की रिहाई पर ब्राह्मण समाज में प्रसन्नता

प्रयागराज(आरएनएस)। एकीकृत ब्राह्मण महासध्घ की बैठक प्रतापगढ़ में एकीकृत ब्राह्मण महासध्घ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विवेक पांडेय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।
बैठक में पंडित उदयभान करवारिया को रिहा करने पर उतर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए मिष्ठान बॉट कर खुशियाँ मनाई गई। इस अवसर पर एकीकृत ब्राह्मण महासध्घ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पंडित विवेक दत्त मिश्रा पाली तहसील बार अध्यक्ष, पहलवान दुबे, राकेश तिवारी, रमेश तिवारी, निलेश शुक्ला , ज्वाला जैसल, समाजसेवी वल्लभ पांडेय, सचिन पांडेय, प्रदीप पांडेय आदि उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।